आषाढ़ शुक्ल पक्ष -4, 2081 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 19 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
09 जुलाई 2024
मंगलवार

**आज का मौसम**
27 अधिकतम
23 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो



Page- 7

## मध्यप्रदेश में झमाझम महाराष्ट्र में रेड अलर्ट



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

साइक्लोनिक सर्कुलेशन और ट्रफ लाइन गुजरने की वजह से इन दिनों बारिश का स्ट्रॉन्ग सिस्टम मप्र पर छाया हुआ है। पिछले 4 दिन से ग्वालियर-चंबल में तेज बारिश का दौर चल रहा है। 15 से ज्यादा जिलों में बारिश जमकर हो रही है। आज श्योपुर, छिंदवाड़ा, शिवपुरी समेत 18 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट है। इंदौर में 6 दिन बाद आज धूप खिली है। भोपाल में कल रात का बारिश का दौर चला। वहीं महाराष्ट्र के कई इलाकों में आज भी भारी बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने मुंबई, रायगढ़, रत्नागिरी, सिंधुदुर्ग, पुणे और सतारा में बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। मुंबई में 12 जुलाई तक कुछ स्थानों पर भारी बारिश की भविष्यवाणी है। यहां स्कूल कालेज बंद है और ट्रेनें भी बाधित हैं।

## राहुल गांधी दूसरी बार पहुंचे रायबरेली

**रायबरेली , एजेंसी।**

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी आज एक दिवसीय दौरे पर रायबरेली पहुंचे हैं। यहां पहुंचते ही उन्होंने सबसे पहले चुरुवा हनुमान मंदिर में दर्शन-पूजन किया और आशीर्वाद लिया। सुबह वह दिल्ली से लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचे और यहां से अपने संसदीय क्षेत्र के लिए रवाना हो गए। लोकसभा चुनाव जीतने के बाद राहुल का अपने संसदीय क्षेत्र का दूसरा दौरा होगा। राहुल के आगमन को लेकर पार्टी कार्यकताओं के साथ जिले के लोगों में उत्साह है। गेस्ट हाऊस में राहुल पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर रहे हैं। वह कार्यकर्ताओं की बात को सुनने के साथ जिले के विकास कार्यों पर चर्चा करेंगे, ताकि सांसद चुनने के बाद जिले के विकास कार्यों को प्राथमिकता के तौर पर कराया जाए। आम जनता से भी गेस्ट हाउस में मुलाकात करेंगे। साथ ही राहुल किसी भी क्षेत्र का भ्रमण भी कर सकते हैं। कल वे मणिपुर व असम के दौरे पर थे।



## कश्मीर में सर्च ऑपरेशन जारी, पाक का ड्रोन दिखा

**श्रीनगर , एजेंसी।**


जम्मू-कश्मीर के कठुआ में बड़े आतंकी हमले के बाद सेना का सर्च ऑपरेशन आज भी जारी है। हमले में 3 आतंकियों के शामिल होने की आशंका है, जिनकी तलाश मचेड़ी और बिलावर के जंगलों में की जा रही है। आशंका है कि स्थानीय गाइड की मदद से आतंकियों ने हमले को अंजाम दिया है। इस बीच, पाकिस्तान की एक और करतूत सामने आई है। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले के कृष्णा घाटी सेक्टर में नियंत्रण रेखा पर बीती रात एक पाकिस्तानी ड्रोन नजर आया। भारतीय सैनिकों ने फायरिंग की, तो ड्रोन पाकिस्तान लौट गया। वही रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि कठुआ आतंकवादी हमले में हमारे पांच बहादुर सैनिकों के शहीद होने पर मुझे गहरा दुख हुआ है। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदना है। राष्ट्र इस कठिन समय में उनके साथ मजबूती से खड़ा है। आतंकवाद विरोधी अभियान चल रहे हैं। हमारे सैनिक क्षेत्र में शांति और व्यवस्था कायम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।



### अमरवाड़ा चुनाव नतीजे के बाद मोहन मंत्रीमंडल रि-डिजाइन होने के आसार...

# चुनावी वादों व दावेदारों के इरादों से बढ़ा प्रेशर, 13 के बाद बाकी हिसाब







**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र की मोहन यादव सरकार में बतौर कैबिनेट मंत्री शामिल किये गये रामनिवास रावत को शपथ के चौबीस घंटे बाद भी विभाग नहीं मिला है, अलबत्ता उन्हें मंत्रालय में कक्ष शपथ के कुछ ही घंटे बाद मिल गया। रावत को आननफानन शपथ दिलाए जाने के पीछे की कहानी उनसे किया गया वादा ही प्रमुख मानी जा रही है लेकिन आगे की कहानी दिलचस्प हो सकती है,क्योंकि भाजपा को अब दूसरा विस्तार और फेरबदल करना जरूरी हो गया है।

जानकार सूत्र बताते हैं कि 13 जुलाई को अमरवाडा उपचुनाव का नतीजा आने के बाद यह विस्तार जरूरी हो रहा है, यदि भाजपा अमरवाडा जीतती है तो कमलेश शाह को मंत्री बनाया जा सकता है, दरअसल शाह के कांग्रेस छोडकर भाजपा मे आने के एवज में उन्हें मंत्री पद दिये जाने का करार भी हुआ था। यही स्थिति रावत के साथ थी। मगर भाजपा की मुश्किल यह भी है कि उसके पास अब तीन पद खाली हैं लेकिन मजबूत दावेदार करीब आधा दर्जन हैं। इनमें सीतासरन शर्मा,अशोक रोहाणी, अर्चना चिटनिस,संजय पाठक,रामेश्वर शर्मा,रीति पाठक आदि हैं। सूत्रों की मानें तो कल के फेरबदल से पहले कई दावेदारों ने दिल्ली तक लाबिंग की थी। इसलिए विस्तार को रावत तक सीमित कर दिया गया। दूसरा विस्तार करने के पहले भाजपा को कम से कम तीन मंत्रियों को सत्ता से संगठन का रास्ता दिखाने की मजबूरी है। लोकसभा चुनाव के नतीजे और विधानसभावार इसकी समीक्षा का दौर पूरा होने के बाद यह भी संभव है कि भाजपा अभी मोहन मंत्रिमंडल में शामिल कुछ चेहरों को बदले। क्योंकि मंत्रियो को उनके परफार्मेंस व छवि के पैमाने पर लगातार आंका जा रहा है।

**दूसरा संयोग:** विजयपुर से विधायक रहे रामनिवास रावत के अकेले शपथ लेने से यह संयोग भी जुड गया है कि वे दूसरी बार किसी अकेले विधायक ने मंत्री पद की शपथ ली है। 1967 में पहली बार अर्जुन सिंह ने अकेले शपथ ली थी। उस समय डीपी मिश्र की सरकार थी। रावत तीन दशक बाद दूसरी बार मंत्री बने हैं। इससे पहले वे दिग्विजय सरकार में कैबिनेट मंत्री थे।




## मास्को में मोदी : तीन गुना काम करने का प्रण

**मास्को ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज भारतीय समुदाय के लोगों से मुलाकात की और एक कार्यक्रम को संबोधित किया। इस कार्यक्रम में मोदी ने भारत-रूस के संबंधों पर प्रकाश डाला व अपनी सरकार उपलब्धियों पर भी बात की। मोदी ने कहा, 'मैं अपने साथ हिंदुस्तान की मिट्टी की महक लेकर आया हूं। ये बहुत सुखद है कि तीसरी बार सरकार में आने के बाद भारतीय समुदाय से मेरा पहला संवाद यहां मॉस्को में हो रहा है। वैसे आज 9 जुलाई है और आज मुझे शपथ लिए पूरा एक महीना हुआ है। उन्होंने कहा कि मैंने प्रण किया है कि अपने तीसरे कार्यकाल में मैं तीन गुना ताकत से काम करुंगा।' इससे पहले वानुकोवो-2 हवाई अड्डे पर पहुंचे, जहां उनका भव्य स्वागत किया गया। रूस के उप-प्रधानमंत्री डेनिस मांतुरोव ने पीएम मोदी का स्वागत किया।



## अब राहुल के पक्ष में आए एक शंकराचार्य



इधर ससंद में राहुल गांधी के हिंदु वाले बयान पर हंमागों के बीच शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा है कि राहुल ने अपने भाषणों में कहीं भी हिंदू धर्म के विरुद्ध बात नहीं की है, बल्कि वीडियो में कांटछांट कर दिखाया गया। उन्होंने कहा राहुल साफ कह रहे हैं कि हिंदू धर्म में हिंसा का स्थान नहीं है। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने इस बात पर भी जोर दिया कि राहुल के बयान को आधा-अधूरा फैलाना अपराध है और ऐसा करने वालों को दंडित किया जाना चाहिए।

## पटना से हैदराबाद जाने वाली फ्लाइट में यात्रियों का हंगामा

**पटना ।** पटना एयरपोर्ट पर इंडिगो की फ्लाइट में बैठे यात्रियों ने जमकर हंगामा किया। इतना ही नहीं कई यात्री विमान से ही उतर गए। कारण यह था कि उमस भरी गर्मी में विमान का एसी खराब हो गया। विमान के अंदर बैठे यात्री परेशान हो गए। कई बार एसी ऑन करने के लिए कहा लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। कुछ देर बात जानकारी मिली कि विमान का एसी ही खराब हो गया है। इसके बाद यात्रियों ने जमकर हंगामा किया। स्थिति ऐसी हो गई कि यात्रियों को विमान से उतारना पड़ा। बताया जा रहा है कि सोमवार देर शाम पटना से हैदराबाद जाने वाले फ्लाइट ( 6 ई 6223 ) में 157 यात्री बैठे थे। एसी बंद होने के कारण यात्रियों की हालत खराब होने लगी। शिकायत के बाद भी जब एसी ऑन नहीं हुआ तो यात्रियों ने हंगामा शुरू कर दिया। यात्रियों की शिकायत को इंडिगो ने गंभीरता से लिया और फौरन एसी ठीक करवा दी। यात्रियों ने राहत की सांस ली। इसके बाद देर रात 12.36 बजे विमान को ठीककर यात्रियों को रवाना किया गया। यह विमान सोमवार रात करीब सवा दो घंटे लेट से पटना एयरपोर्ट पर रात 10 बजे उतरा ही था।



## विराट के पब पर पुलिस का एक्शन, बंद कराया

**बेंगलुरू , एजेंसी।**

कर्नाटक की बेंगलुरु पुलिस ने देर रात तक पब खोले जाने पर एक्शन लिया है। कई पबों के प्रबंधन पर एफआईआर दर्ज की गई है. इसमें एक पब क्रिकेटर विराट कोहली के स्वामित्व वाला भी है जो चिननस्वामी स्टेडियम के नजदीक है। जानकारी के मुताबिक, बेंगलुरु में एमजी रोड पर कोहली का one 8 commune पब है। बेंगलुरु पुलिस का कहना है कि इस पब समेत अन्य पबों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है क्योंकि परिचालन समय के बाद भी देर रात तक पब संचालित किए जा रहे थे। डीसीपी सेंट्रल ने कहा, हमने कल देर रात 1.30 बजे तक संचालन के लिए करीब 3-4 पब बुक किए हैं। हमें रात में तेज म्यूजिक बजाए जाने की भी शिकायतें मिलीं थीं।




## हाथरस कांड की जांच रिपोर्ट योगी को सौंपी

**लखनऊ एजेंसी।** हाथरस कांड की 900 पेज की रिपोर्ट एसआईटी ने सीएम योगी आदित्यनाथ को सौंप दी है। इसमें 150 अफसरों, कर्मचारी और पीड़ित परिवारों के बयान दर्ज हैं। सूत्रों के मुताबिक, एसआईटी ने आयोजकों को हादसे का दोषी माना है तथा जिम्मेदार अफसरों की लिस्ट भी तैयार की है। अब इनके खिलाफ एक्शन हो सकता है। सीएम ने हादसे के 24 घंटे में रिपोर्ट तलब की थी। हालांकि, जांच पूरी करने में 6 दिन लगे। आगरा जोन की अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक अनुपम कुलश्रेष्ठ इसकी प्रमुख हैं। दरअसल हाथरस भगदड़ की 3 लेवल पर जांच हो रही है। पहली रिपोर्ट एसडीएम रविंद्र कुमार ने 24 घंटे के अंदर अपनी प्रशासन को सौंप दी थी। न्यायिक आयोग का भी गठन हुआ है । आयोग 2 महीने में जांच पूरी कर रिपोर्ट सरकार को सौंपेगा।



## उदितराज बोले- कांग्रेस 240 सीटें जीत सकती थी अगर...

**नई दिल्ली एजेंसी।** हाल में लोकसभा चुनाव कांग्रेस ने अपने पिछले प्रदर्शन में सुधार भले ही किया है और 99 सीटें जीती भी है लेकिन उसके नेता उदित राज का मानना है कि अगर पार्टी के ही कुछ नेताओं ने भीतरघात नहीं किया होता तो यह आंकड़ा 240 तक पहुंच सकता था। उन्होंने एक न्यूज से कहा, 'कांग्रेस पार्टी में कुछ लोग गलत सूचना फैलाने में शामिल हैं और उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जाती है। राज ने कहा, 'अगर पार्टी में अंदरूनी लड़ाई नहीं होती तो कांग्रेस अतिरिक्त 50-60 लोकसभा सीटें जीत जाती। पार्टी में कुछ ऐसे तत्व हैं जो अपने निजी फायदे के लिए पार्टी को नुकसान पहुंचाते हैं, यह 15-20 वर्षों से हो रहा है। उदितराज उत्तर पश्चिम दिल्ली संसदीय सीट से चुनाव लडा था लेकिन बीजेपी के योगेंद्र चंदोलिया ने 3 लाख से अधिक वोटों से हराया है।



**मेट्रो एंकर**

## सीबीआई अफसर बनकर साइबर ठगी का अजब मामला, छह घंटे कमरे में बंद रखा

# मशहूर कवि डिजिटली अरेस्ट, अफसर ने सुनी शायरी और बजवाई बांसुरी!

**लखनऊ, एजेंसी।**

हिंदी के मशहूर कवि-साहित्यकार नरेश सक्सेना करीब छह घंटे तक डिजिटल हिरासत में रहे। यह साइबर क्राइम का अजब मामला है।हालांकि उनके परिवालों को सक्सेना के इस एकांत पर शक हुआ तो उन्होंने कमरे में दाखिल होकर उन्हें 'छुडवा' लिया। हालांकि इस दौरान साइबर ठगों ने सक्सेना से उनकी कवितार्यं भी सुनीं और बांसुरी तक बजावाई। लखनऊ के गोमतीनगर में रहने वाले कवि को जालसाजों ने नकली सीबीआई अफसर बनकर डिजिटल अरेस्ट किया और एक कमरे बंद रखा। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इस दौरान उनसे जरूरी दस्तावेज और बैंक खातों की जानकारी भी हासिल कर ली गई थी। गनीमत थी कि परिवार के सदस्यों ने ऐन समय पर पहुंचकर ठगों का सारा खेल बिगाड़ दिया।

अब सक्सेना ने सोशल मीडिया पर अपने साथ हुई इस घटना का जिक्र किया, जिसके बाद मामला प्रकाश में आया। उन्होंने बताया कि बताया कि 7 जुलाई को दोपहर करीब 3 बजे उनके वॉट्सऐप पर वीडियो कॉल आई। फोन करने वाले ने खुद को सीबीआई इंस्पेक्टर रोहन शर्मा बताते हुए पूछा कि क्या आपका आधार कार्ड खो गया है? सक्सेना ने जब इनकार किया तो जालसाज ने कहा कि किसी ने आपके आधार का इस्तेमाल कर मुंबई के बैंक में खाता खोला है और उसके जरिए करोड़ों की मनी लॉन्ड्रिंग हो रही है। इस मामले में आपके खिलाफ केस दर्ज हुआ है और अरेस्ट वारंट जारी हो चुका है। ठगों ने उन्हें डिजिटली अरेस्ट किया और उनके कमरे का दरवाजा भीतर से बंद करवा पैसे मांगे। 6 घंटे तक कमरे में बंद रहने के चलते परिवार को शक हुआ, जिसके बाद नरेश फ्रॉड से बच सके। हालांकि बहू और अन्य लोगों के आने पर ठग ने सभी को गिरफ्तार करने की धमकी दी। सख्ती से बात करने पर गालीगलौच शुरू कर दी। शातिर कई घंटे तक कोशिश करते रहे, लेकिन गनीमत है कि नरेश ने पैसे ट्रांसफर नहीं किए।



### पेशे के बारे में पूछा, कहा- आदमी तो भले हो

सक्सेना ने कहा कि जब जालसाजों ने उनके पेशे के बारे में पूछा तो यह जानकर कि मैं कवि हूं, मुझसे मीर और फैज के शेर सुनाने को कहा। फिर मुझसे अपनी कविताओं को सुनाने के लिए कहा और साथ ही साथ उनसे बांसुरी भी बजवाई गई। कॉल के दौरान आरोपी ने कहा कि आप बुजुर्ग हैं, भले आदमी मालूम पड़ते हैं। पिता समान हैं। यदि जाँच में सहयोग करेंगे तो मैं कोशिश करूँगा कि आप जल्दी छूट जाएँ। वरना कई साल हिरासत संभव है। अब कवि ने आशंका यह भी जताई है चूंकि 6 घंटे तक मेरी वीडियो रिकॉर्डिंग की गई है तो आरोप इसका दुरुपयोग एडिट करके अश्लील दृश्य डालकर या बैंक खातों और डॉक्युमेंट्स का गलत यूज कर सकता है।

सक्सेना की एक कविता पेज-4

# भोपाल के बड़ा तालाब में बढ़ा पानी.. @1658.80





भोपाल। कल की बारिश से अब बड़े तालाब का जलस्तर बढ़कर 1658.80 फीट तक पहुंच गया है। कोलांस नदी में पानी आने से जलस्तर बढ़ा है। कैचमेंट एरिया एवं सीहोर जिले में अच्छी बारिश होने से बड़ा तालाब में पानी बढ़ रहा है।

### 13 वर्षीय बालिका की जान बची

## एम्स में एक और जटिल सर्जरी, फुटबॉल के आकार का ट्यूमर निकाला

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

एम्स के न्यूरोसर्जरी विभाग में डाक्टरों ने 13 वर्षीय बालिका के घातक ब्रेन ट्यूमर की सर्जरी सफलतापूर्वक की है। ट्यूमर सिर से बाहर निकल रहा था और फुटबॉल के आकार का था। बालिका आपात स्थिति में आई थी और वेंटिलेटर पर थी। यह बालिका अशोकनगर की रहने वाली है। जानाकारी के मुताबिक डाक्टरों ने मस्तिष्क की एमआरआई से पाया कि कि एक बड़ा ट्यूमर है और यह सिर को नष्ट कर बाहर आ गया था। कुछ महीनों में यह फिर से एक विकराल आकार में बढ़ गया। डॉक्टर ने आठ घंटे तक ऑपरेशन के बाद बालिका की जान बचाई। सर्जरी डॉ. जितेंद्र और डॉ. अभिषेक की सहायता से डॉ. सुमित राज ने की।डॉक्टरों ने बताया कि ट्यूमर अत्यधिक संवहनी था। खोपड़ी भी प्रभावित हो रही थी, जिसे हटा दिया गया। इस ऑपरेशन को सफल बनाने में एनेस्थीसिया टीम ने भूमिका निभाई, जिसमें डॉ. आशुतोष और मिलिंद शामिल रहे। ऑपरेशन के अगले दिन मरीज होश में आ गया था। अब उसकी ठीक है।



### छात्र-छात्राओं को दिखाया एम्स का कामकाज

कक्षा 10 वीं और 11 वीं के छात्रों के लिए एम्स में शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम भी आयोजित हुआ। छात्रों ने एनाटॉमी संग्रहालय देखा। इसके बाद मानव अंगों का अवलोकन किया। उन्होंने ट्रांसलेशनल मेडिसिन की विभिन्न प्रयोगशालाओं का दौरा किया। उन्हें वह उपकरण दिखाए गए, जिनका उपयोग डॉक्टर विभिन्न रोगों के निदान के लिए उपयोग करते हैं। रक्त से डीएनए निकालने की प्रक्रिया, होमोजेनाइज़र, जेल इलेक्ट्रोफोरेसिस उपकरण, यूवी ट्रांसिल्यूमिनेटर और पीसीआर मशीन सहित कई मशीनों का संचालन दिखाया गया।

### राजधानी में मुख्य मार्ग पर निर्माण सामग्रियां या अन्य कब्जे

# सर्विस रोड की परवाह किसी को नहीं वाहन चालकों की तकलीफें बेहिसाब

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी में इन दिनों बारिश के चलते बदहाली तो है ही, अधिकतर गली-मोहल्लों और बाजरों की सड़क पर निर्माण सामग्री फैली रहने से भी हालात बदतर हो रहे हैं। इससे लोग परेशान हैं, जबकि नियमानुसार भवन निर्माण के दौरान निर्माण सामग्री को सड़क के किनारे या सड़क पर नहीं रखना चाहिए, लेकिन शहर में सरकारी और निजी निर्माण कार्यों में इस बात का ध्यान नहीं रखा जाता है। ऐसा ही मामला आशिमा मॉल के पास देखने को मिल रहा है। वहीं मेट्रो व एलिवेटेड सड़क के निर्माण के चलते हबीबगंज में गायत्री मंदिर से प्रगति पेट्रोल पंप तक भी सड़क पर चलना मुश्किल हो रहा है।

उधर दो महीने से दानिश नगर चौराहे से प्रधान मंडपम, मैरिज गार्डन से बागसेबनिया थाना जाने वाली सर्विस रोड पर निजी भवन निर्माण के लिए रेत-गिट्टी डालकर रास्ता बंद कर दिया है। इस कारण सागर रॉयल होम्स, कृष्णा आर्केड, सुरेंद्र बिहार, आसाराम नगर, पेबल बे, भेल संगम, श्री होम्स, ओम नगर जैसी 25 से अधिक कॉलोनी के 30 हजार लोग परेशान हो रहे हैं। ऐसे में इन कॉलोनियों के रहवासी आशिमा मॉल से लेफ्ट टर्न होकर चिनार फॉर्चून, वृंदावन ढाबा होते हुए बागसेवनिया चौराहे से आवाजाही कर रहे हैं। यानी जो रास्ता 400 मीटर का है, उसे अब 2 किमी घूमकर तय करना पड़ रहा है। हालांकि निगम अफसरों का कहना है कि हमने रोड से निर्माण सामग्री हटाने की चेतावनी दी हुई है, यदि वहां से यह नहीं हटाई गई तो कार्रवाई की जाएगी।



गायत्री मंदिर से प्रगति पेट्रोल



बागसेनिया की ओर जाने वाली सर्विस रोड

### सर्विस रोड भी बदहाल

इधर गणेश मंदिर से भाजपा कार्यालय तक जाने वाली सर्विस रोड की बदहाली भी चर्चा में हैं। दरअसल एलिवेटेड रोड व मेट्रो निर्माण के चलते बार बार मार्ग परिवर्तन की वजह से यही सर्विस रोड हजारों वाहन का सहारा भी है लेकिन इस रोड के बहुत बुरे हाल हो चुके हैं। इसे सुधारने की सुध न तो निर्माण कंपनी ले रही है और न ही प्रशासन को इसकी परवाह है। सुबह दस बजे से शाम तक इस सड़क पर वाहनों का दबाव भी होता है।

## अभा सिंधी समाज के राष्ट्रीय महासचिव बने सबधाणी

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

भारत देश में सिंधी समाज की सबसे सक्रिय संख्या अखिल भारतीय सिंधी समाज नई दिल्ली के गोवा में राष्ट्रीय सम्मेलन की साधारण सभा में त्रिलोक दीपानी को राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया था, इसी तारतम्य में अध्यक्ष द्वारा विगत दिवस राष्ट्रीय पदाधिकारियों की घोषणा की गई जिसमें भोपाल के जाने माने शिक्षाविद आनंद सबधाणी को राष्ट्रीय महासचिव घोषित किया गया साथ ही नील कुमार बचानी को कोषाध्यक्ष एवं राधा राजपाल को अखिल भारतीय महिला सिंधी समाज की राष्ट्रीय अध्यक्ष का पद दिया गया।



बता दें कि संस्था विगत 60 वर्षों से निरंतर समाज सेवा के उल्लेखनीय कार्य करती आ रही है, सिंधी समाज की यह ऐसी संस्था है जो की नई दिल्ली में रजिस्टर्ड है उक्त संस्था के नाम अखिल भारतीय सिंधी समाज नई दिल्ली का नाम भी कॉपी राइट कानून के अंतर्गत रजिस्टर्ड है जिससे उक्त संस्था के मिले झुले नाम का कोई अन्य उपयोग नहीं कर सकता। वह संख्या या सिंधी समाज को एकता एवं शासन से हक दिलवाने का हमेशा प्रयास करती रहती है एवं कई सामाजिक हित के उल्लेख में कार्य किए हैं।

## उच्च पदों पर पहुंचे पूर्व छात्र बने अतिथि मेधावी छात्रों को किया सम्मानित

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

मिठी गोबिंदराम पब्लिक स्कूल में आयोजित मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि बनकर वे पूर्व विद्यार्थी आए, जो ऊंच पदों पर पहुंचे है। अपने अनुभव विद्यार्थियो के साथ साझा किए। विद्यालय के संस्कारों को सफलता में अहम बताया। सम्मान समारोह में सत्र 2023-24 की कक्षा-प्रथम से बारहवीं परीक्षाओं में उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। साथ ही अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया। पहले सत्र के मुख्य अतिथि विद्यालय के पूर्व छात्र, मानस बूलचंदानी पैनल अधिवक्ता, म.प्र. उच्च न्यायालय, जबलपुर ने जीवन में विद्यालय की स्मृतियों साझा किया। दूसरे सत्र में मुख्य अतिथि विद्यालय के पूर्व छात्र, श्री विनय शेखर जगताप टेक्नीकल मैनेजर, एम.पी.पी.डब्लू.डी. ने कहा कि विद्यालय जीवन की हर बात, हर पल को जीए। हर गतिविधि में सहभागिता करें क्योंकि यह पल जीवन की अमूल्य उपलब्धियां है। संस्था के प्रमुख सिद्धभाऊजी ने अपने संदेश में सभी छात्रों को उनकी उपलब्धियाँ के लिए बधाई दी। इसके पूर्व अजय बहादुर सिंह विद्यालय प्राचार्य ने भी विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत संगीत विभाग के मार्गदर्शन में छात्रों द्वारा गीत एवं नृत्य प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में संस्थान उपाध्यक्ष हीरो ज्ञानचंदानी, घनश्याम बूलचंदानी संस्थान सचिव, गोपाल गिरधानी अकादमिक डायरेक्टर, कोऑर्डिनेटर, शिक्षक, अभिभावक एवं छात्रगण उपस्थित रहे।




## एलवीएस के 155 छात्र-छात्राओं का सम्मान

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

लक्ष्मीदेवी विक्योमल शर्राफ उ.मा. विद्यालय एवं प्रेरणा किरण पब्लिक स्कूल पीपलनेर गांधीनगर में कक्षा 5वीं से 12वीं तक के 155 छात्र-छात्राओं का सोमवार को पुरस्कार वितरण समारोह विधायक रामेश्वर शर्मा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा स्वामी जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्जवलन कर किया गया। प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत शाला के सचिव रमेश हिंगोरानी, योगेश हिंगोरानी, नीलेश हिंगोरानी, प्राचार्या जयश्री ममतानी, आरती कुलकर्णी, नवीन नामदेव एवं नीता अग्रवाल द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया।

इस अवसर पर बोर्ड एवं हाईस्कूल की परीक्षा में 155 छात्र-छात्राएं जिन्होंने विद्यालय की वार्षिक परीक्षाओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया है उन्हें पुरूस्कार देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर विधायक शर्मा द्वारा सर्वप्रथम प्रेरणा किरण पब्लिक स्कूल के प्रांगण में वृक्षारोपण कर एक पौधा माँ के नाम लगाया। इसके बाद लक्ष्मीदेवी विक्योमल शर्राफ उ.मा. विद्यालय के दासवानी कल्चरल हॉल में आयोजित कार्यक्रम में शर्मा ने कहा कि हमें वर्तमान भारत को संभालना है क्योंकि यह हमारे पूर्वजों द्वारा दी गई विरासत है, अब भारत को कैसे बढ़ाना है यह जिम्मेदारी आपकी है।

इस अवसर पर शाला सचिव रमेश हिंगोरानी ने बताया कि यह एल.वी.एस. रूपी जो पेड़ है इसमें भी रामेश्वर शर्मा का भी योगदान है। प्रारंभ में जब विद्यालय बनाना मुश्किल था उस समय रामेश्वर शर्मा बजरंग दल में थे उस समय विकट परिस्थितियों में विद्यालय बनवाने के सहयोग में डटे रहे।

कार्यक्रम का संचालन कोमल टहिलयानी और लवीना जगनानी ने किया एवं आभार शाला प्रचार्या नीता अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर नगर के गणमान्य नागरिक खूबचंद भागचंदानी, नवल कुशवाह, मनोज घूसर आदि एवं पालकगण भी उपस्थित थे।



**मेट्रो एंकर**

### उन्नत भारत अभियान में पौधारोपण

# गोद लिए गांव में 200 पौधे लगाए छात्राओं ने

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

संत हिरदाराम इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट की एम.बी.ए. इंटीग्रेटेड की छात्राओं के द्वारा 'उन्नत भारत अभियान' के तहत गोद लिए गए गाँव सूखा निपानिया में 'एक पेड़ माँ के नाम' की थीम पर वृक्षारोपण किया गया। इस अभियान का उद्देश्य था छात्राओं को पर्यावरण के प्रति जागरूक बनाना एवं एक वृहद सामाजिक सरोकार का हिस्सा बनना। छात्राओं ने ईको क्लब के बैनर तले अपने प्राध्यापकों के साथ गाँव जाकर जामुन, अमरूद, पीपल, अनार, चिनार, इमली, आंवला, अमलतास आदि के 200 से अधिक पेड़ लगाए। ग्राम पंचायत सूखा निपानिया के जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामवासियों ने भी इस अभियान में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया एवं संस्थान के प्रयास की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। उन्नत भारत अभियान की कोऑर्डिनेटर डॉ. शालू पांडे एवं इको क्लब कोऑर्डिनेटर प्रो नेहा छुगानी ने बताया कि इसके पूर्व में भी संस्थान की छात्राओं के द्वारा इन गाँव में अनेक कार्य किये गए हैं जैसे- चिकित्सा शिविर, कॉमिक फॉर चेंज का आयोजन, स्वच्छता अभियान इत्यादि। संस्थान की छात्राओं ने इस अभियान में सक्रिय भागीदारी करके सरोकार को महसूस किया। इस अभियान के आयोजन के लिए संस्थान के मैनेजिंग डायरेक्टर हीरो ज्ञानचंदानी एवं डायरेक्टर डॉ. आशीष ठाकुर ने बधाई दी।




### नई छात्राओं के लिए अभिमुखीकरण कार्यक्रम

संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज ने नव प्रवेशित छात्राओं के लिए एक व्यापक तीन दिवसीय अभिमुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नए छात्रों को शैक्षणिक वातावरण में ढालना, कॉलेज के विभिन्न विभागों से परिचित कराना, और उनके शैक्षणिक और व्यक्तिगत विकास के लिए उपलब्ध विभिन्न सहायक प्रणालियों से अवगत कराना था। प्राचार्या डॉ. डालिमा पारवानी ने नए छात्रों का गर्मजोशी से स्वागत किया और छात्रों के जीवन में अनुशासन और प्रतिबद्धता के महत्वपूर्ण गुणों पर जोर दिया।

## बेहटा गांव में मंदिर की दो दान पेटियों से नकदी चोरी

**हिरदाराम नगर।** संतनगर के बेहटा गांव के प्राचीन मंदिर की दान पेटियों से चोर हजारों की नकदी ले गए। चोरी रविवार रात में हुई, वारदात की जानकारी पुजारी को सोमवार सुबह लगी। जानकारी के अनुसार मंदिर में रविवार रात चोरी की गई। मंदिर के पुजारी नंद किशोर बैरागी ने बताया कि वे रात को आरती के बाद मंदिर का ताला डालकर चले थे। सोमवार सुबह आकर देखा तो मंदिर में रखी दो दान पेटियों के ताले टूटे हुए मिले। मंदिर समिति के पदाधिकारियों और पुलिस को सूचना दी। बैरागी ने बताया कि साल में एक बार नवरात्रि दान पेटियां खोली जाती हैं। लगता है दोनों दान पेटियों में 10 से 20 हजार रूपये रहे होंगे। समिति सदस्यों ने पुलिस को बताया कि यह तीसरा मौका है, जब मंदिर में चोरी हुई है। पुलिस को बताया कि आए दिन मंदिर परिसर में लोगों को शराब पीते रहते हैं, मना करने पर हाथापाई पर आ जाते है। पुलिस ने लिखित शिकायत पर जांच शुरू कर दी है।



# यह अधिकारों की बात है, डरिए मत- तथ्यों के साथ बात कीजिए

**मप्र के आइएफएस को डीजी फॉरेस्ट जितेंद्र कुमार की सलाह**

**पौधा रोपण के रिकार्ड के बीच बोले- पेड़ बचाने का भी रिकार्ड बनना चाहिए**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

जिन भारतीय वन सेवा के अधिकारियों अर्थात आईएफएस पर वनों को बचाने का जिम्मा है अभी वे खुद के मूल्यांकन को भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के हस्तक्षेप से मुक्त करने की लड़ाई लड़ रहे हैं। जिसमें हर स्तर पर पिछड़ते दिखे इन अधिकारियों को अपने ही सीनियर और केंद्रीय वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के डायरेक्टर जनरल अर्थात डीजी जितेंद्र कुमार ने सलाह दी कि यह अधिकारों की बात है। इसमें डरने का सवाल ही पैदा नहीं होता, बल्कि तथ्यों के साथ अपनी बात रखनी चाहिए। असल में हाल ही में सरकार में मप्र में आइएफएस के वार्षिक मूल्यांकन रिपोर्ट में कलेक्टर समेत अन्य अधिकारियों की टीप को अनिवार्य किया है। इसका मतलब यह है कि यदि कलेक्टर इन आईएफएस की वार्षिक मूल्यांकन रिपोर्ट में जरा सी भी कोई टीप कर दें या अंक कर दें तो इनकी गोपनीय चरित्रावली विवादों में पड़ सकती है। इस बदलाव से आईएफएस अंदर खाने चिंता में है और सुप्रीम कोर्ट जाने की तैयारी कर रहे हैं। इस बीच केंद्र से सोमवार को डीजी फॉरेस्ट जितेंद्र कुमार आए थे, उन्होंने वन अधिकारियों की बैठक ली, जिसमें उक्त बदलाव पर आपत्ति ली है और ठीक से तथ्य रखने की नसीहत भी दी।

## पेड़ लगाने का नहीं, उन्हें बचाने का रिकार्ड बनाएं- डीजी फॉरेस्ट

डीजी फॉरेस्ट जितेंद्र कुमार जब पता चला कि मध्य प्रदेश में 5.50 करोड़ पौधे लगाने का रिकॉर्ड बनाया जा रहा है जिस पर उन्होंने वन बल प्रमुख असीम श्रीवास्तव से पूछा कि इतने पौधे लगाने के पीछे की वजह क्या है, क्या मप्र में वनों का आवरण कम हुआ है यदि हां तो इसकी वजह क्या रही। इस तरह के कई सवाल डीजी ने किए। यह भी कहा कि पौधे लगाने के रिकार्ड तो कोई भी बना सकता है लेकिन बने बनाएं पेड़ों को बचाने के रिकार्ड बनाना मुश्किल है। इस पर काम जरूरी है और यही वक्त की जरुरत भी है। डीजी फॉरेस्ट ने यह भी कहा कि मध्य प्रदेश चीते, टाइगर और तेंदुए वाला प्रदेश है समय-समय पर ईनकी मौत से जुड़ी खबरें आती है। प्रयास करें कि प्राकृतिक मौतों को छोड़कर बाकी कारणों से इन वन्य प्राणियों की मौत नहीं होने चाहिए। यदि इसमें किसी तरह की कोई मदद केंद्र की चाहिए तो समय रहते बता दें, हम पूरी मदद करने के लिए तैयार है। डीजी फॉरेस्ट मध्य प्रदेश प्रवास पर थे जो सबसे पहले इंदौर पहुंचे थे वहां से उज्जैन गए और फिर भोपाल पहुंचकर वन विभाग के अफसर के साथ बैठक ली।



## कांग्रेस को फिर आई बूथ की सुध, प्रशिक्षण शिविर लगेंगे

# दलबदलुओं के लिए दरवाजे बंद करेगी कांग्रेस

**भोपाल, दोपहर मेट्रो। दो-दो चुनावों में करारी हार के बाद मप्र कांग्रेस नए सिरे से पार्टी को खड़ा करने और जनाधार वापसी के लिए मजबूत रणनीति बनाने व अमल के लिये उत्सुक नजर आ रही है। हाल में दो दिनी मंथन के बाद इस पर अमली जामा पहनाने की जिम्मेदारी अध्यक्ष जीतू पटवारी पर है। हालांकि इसके पहले उन्हें अपनी कार्यकारिणी पर मशक्कत करनी है जो वे छह महीने से नहीं बना पा रहे हैं।**




सूत्रों की मानें तो मप्र कांग्रेस को अभी से 2028 के विधानसभा चुनाव की तैयारी शुरू करने के लिये कहा गया है। प्रभारी महासचिव जितेंद्र सिंह की मौजूदगी में हुई बैठक मेंयह भी कहा गया है कि जो नेता कांग्रेस छोड़कर चले गये हैं, उनके लिये अब पार्टी के दरवाजे बंद कर दिये जायें। सिंह ने अभी से चुनाव मोड में तैयारी करने के लिये कहा इसके लिये संगठन को मजबूत बनाने के निर्देश भी दिये। अब इस बात पर भी विचार हो रहा है कि अभी से प्रदेश स्तर पर चुनाव प्रबंध समिति बना दी जाए। बताया जाता हैकि कांग्रेस का दूसरा सर्वाधिक ध्यान भाजपा की तरह बूथों को मजबूत करने पर है। शहरों में वार्ड स्तर पर भी अभी से कमेटी बनाई जाएगी। प्रदेश स्तर पर बनने वाली चुनाव प्रबंधन समिति जिला और ब्लाक के पदाधिकारियों को मार्गदर्शन देगी। कांग्रेस में दूसरे दलों से आए नेताओं के लिए प्रशिक्षण सत्र भी आयोजित किए जाएंगे, जिससे वे पार्टी की विचारधारा से अच्छी तरह से परिचित हो सकें ।कांग्रेस अंदरखाने मान चुकी है कि विधानसभा और लोकसभा चुनाव में भाजपा की बड़ी जीत की वजह उसका बूथ प्रबंधन रहा है। जबकि यही बात कांग्रेस की हार की वजह है। चुनाव से लगभग एक वर्ष पहले से ही भाजपा ने पूरी ताकत लगा दी थी। बूथ संपर्क सहित कई अभियान चलाए गए। अब कांग्रेस 2028 के विधानसभा चुनाव के लिए उसी तर्ज पर काम करने जा रही है। समस्या यह है कि कांग्रेस के पास बूथ स्तर पर कार्यकर्ता नहीं है। उल्लेखनीय है कि विधानसभा चुनाव में कुछ पराजित प्रत्याशियों ने कहा था कि उन्हें कुछ बूथों पर एजेंट तक नहीं मिले।

### भाजपा ने भी लिया सबक



केंद्र में पूर्ण बहुमत के साथ सरकार नहीं बना पाई भाजपा भी अब बूथ लेवल के कार्यकर्ताओं को साध रही है। वह हारे हुए 20 प्रतिशत बूथों पर जीत सुनिश्चित करने के लिए आगामी दिनों में बूथवार विभिन्न आयोजन करेगी। इन आयोजनों में विधायक और सांसद को अनिवार्य रूप से शामिल होने के निर्देश दिए गए हैं। जिला और मंडल स्तर की कार्यसमिति की बैठक आयोजित की जाएगी। 9 से 12 जुलाई तक प्रदेश के सभी जिलों की कार्यसमिति की बैठकें होगी। जिन जिलों में नौ जुलाई को बैठक हो जाएगी, वहां 10 से 15 जुलाई के मध्य मंडल स्तर की कार्यसमिति की बैठकें होगी। 13 से 20 जुलाई के मध्य शक्ति केंद्रों का सम्मेलन आयोजित किया जाएंगे और पोलिंग एजेंटों को सम्मानित किया जाएगा

## पुलिस बल सादी वर्दी में रहे, सुरक्षा की पर्याप्त व्यवस्था करें : राज्य मंत्री



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

श्रावण मास में पर्व के अवसर पर गुफा मंदिर में होने वाले कार्यक्रमों की व्यवस्थाओ को लेकर पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर ने अधिकारियों को कार्यक्रमों की व्यवस्थाओं के संबंध में जरूरी निर्देश दिये। उन्होंने गुफा मंदिर महंत रामप्रवेश दास जी से पर्व पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की व्यवस्थाओं के संबंध में चर्चा करने के लिये अधिकारियों से कहा। श्रावण मास में सोमवार के दिन लगने वाले मेले में सुरक्षा के पर्याप्त इंतेजाम करने के लिये भी कहा। असामाजिक तत्वों पर सतत् निगरानी रखने के लिये मेले के अवसर पर पुलिस बल को सादी वर्दी में भी तैनात करें। श्रावण मास में पर्व के अवसर पर होने वाले कार्यक्रमों के संबंध में पेयजल, विद्युत और स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को लेकर स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि सभी कार्य पर्व शुरू होने के पूर्व 20 जुलाई तक करना सुनिश्चित करें। पेयजल व्यवस्था के संबंध में कहा गया कि ओवरहेड टेंकों की सफाई और नल एवं पाइप लाइनों की रिपेयरिंग आदि कार्यो को समय पर करना सुनिश्चित करें। गौर ने कहा कि लालघाटी चौराहे से गुफा मंदिरों तक स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था सुनिश्चित करें। जहां पर केबल लाइन की जरूरत है, वहां केबल लाइन डलवाएं। प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिए। मंदिर परिसर में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को कहा कि मंदिर परिसर में गौ-शाला के गो-डाउन से लगे नाले की दीवार का पुनर्निमाण जल्दी करवाएं। पार्किंग व्यवस्था भी सुनिश्चित करें। मंदिर परिसर में पुलिस कंट्रोल रूम भी बनाएं।

## भागवत गीता में एमए के लिए 15 तक आवेदन

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी (इग्नू) में भगवद् गीता से एमए के लिए 15 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन किए जाएंगे। प्रवेश के साथ ही री-रजिस्ट्रेशन भी होंगे। नए कोर्सो में मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन के तहत एग्री बिजनेस मैनेजमेंट, कंस्ट्रक्शन मैनेजमेंट, लॉजिस्टिक्स एंड सप्लाई चैन मैनेजमेंट, हेल्थ केयर एंड हॉस्पिटल मैनेजमेंट जैसे कोर्स की काफी डिमांड है। इसी के साथ एमएससी होम साइंस के तहत कम्युनिटी डेवलपमेंट एंड एक्सटेंशन के दो कोर्स है। इन कोर्सेस के अलावा उर्दू भाषा में एमए, एग्रीकल्चर कॉस्ट मैनेजमेंट में डिप्लोमा पीजी डिप्लोमा इन मेंटल हेल्थ पीजी डिप्लोमा इन रिहैबिलिटेशन साइकोलॉजी, डिप्लोमा इन फैशन डिजाइन एंड रिटेल सहित अन्य कोर्स भी खास हैं।

## आरजीपीवी की डिप्लोमा फार्मेसी के लिए बनेंगे केंद्र



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी) की डिप्लोमा विंग द्वारा अगले माह अगस्त में डिप्लोमा फार्मेसी की परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षा नियंत्रक द्वारा नए कॉलेजों के अनुसार परीक्षा केन्द्र बनाए जाने के लिए कॉलेजों को निर्देश जारी किए हैं। इसके अनुसार, डिप्लोमा फार्मेसी की परीक्षा अगस्त में आयोजित की जानी है। सत्र 2023-24 में डिप्लोमा फार्मेसी के कॉलेज काफी संख्या में खुले हैं। इसलिए परीक्षा केन्द्रों का पुनर्निधारण किया जाना है। इसलिए कॉलेजों को 8 जुलाई तक जानकारी अपडेट करने को कहा गया है।

## कांग्रेस को भरोसा अमरवाड़ा में भाजपा का अहंकार टूटेगा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

कांग्रेस महासचिव व प्रदेश प्रभारी जितेंद्र सिंह ने प्रचार के अंतिम दिन छिंदवाड़ा जिले की अमरवाड़ा विधानसभा के सिंगोड़ी में कहा कि छिंदवाड़ा जिले की जनता भाजपा का अहंकार ठीक उसी तरह से तोड़ेगी, जिस तरह से राजस्थान में बीजेपी सरकार के कैबिनेट मंत्री को उपचुनाव में पराजित कर तोड़ा था। चुनाव की परिस्थितियां सबके सामने हैं जिस तरह से अपने निजी स्वार्थ के लिए जनता को धोखा दिया गया। कमलेश शाह ने अपने स्वार्थ के लिए जनता के वोट को बेच दिया। उन्होंने कहा कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक छिंदवाड़ा कमलनाथ ने छिंदवाड़ा जिले की एक अलग पहचान पूरे देश में बनाई है, जब कमलनाथ केंद्र में मंत्री थे और जब बजट पड़ा जाता था तो छिंदवाड़ा का नाम कई बार लिया जाता था।भाजपा समझती है कि प्रशासन का दुरुपयोग करके वोट खरीद लेगी, परंतु अमरवाड़ा की जनता अब बिकने वाली नही है,। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा अमरवाड़ा में चुनाव तो 5 साल के लिए हुआ था परंतु कांग्रेस ने जिस कमलेश शाह को बार-बार टिकट दिया, उसने कांग्रेस का भरोसा तोड़ा, कांग्रेस के कार्यकर्ताओं का विश्वास तोड़ा क्षेत्र की जनता के साथ भी विश्वास घात किया। कमलेश शाह की पत्नी ने हर्रई नगर परिषद अध्यक्ष रहते 25 करोड़ का घोटाला किया, जिसकी लोकायुक्त में एफआईआर दर्ज है और जिस भाजपा सरकार ने एफआईआर दर्ज की, उसी से बचने कमलेश शाह भाजपा में चले गये और उसी भाजपा ने उन्हें उम्मीदवार बनाया है। पटवारी कहा कमलनाथ का सम्मान वापस दिलवाने के लिए सभी मिलकर कांग्रेस के प्रत्याशी को जिताकर विधानसभा में भेजें। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने भी आमसभा को संबोधित किया। पूर्व सांसद नकुलनाथ ने कहा कि कांग्रेस ने कमलेश शाह को तीन बार प्रत्याशी बनाया, उनकी मां को दो बार प्रत्याशी बनाया, उनके दादाजी को भी प्रत्याशी बनाया। महल परिवार पर बार-बार भरोसा किया, परंतु उन्होंने न केवल कांग्रेस को,बल्कि कमलनाथ को धोखा दिया गया। सभा में कांग्रेस सचिव संजय कपूर, विधायक लखन घनघोरिया, देवेंद्र पटेल, विजय चौरे आदि मौजूद थे।


आखिरी दिन झोंकी ताकत

**मेट्रो एंकर** | **मंत्री पटेल ने ली विभागीय समीक्षा बैठक**


# भुगतान प्रणाली को सुचारू और पारदर्शी बनाने के लिए तैयार किया जाएगा पोर्टल

### संकुल स्तर पर स्व सहायता समूह द्वारा किया जाएगा नर्सरी निर्माण कार्य

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



ग्राम पंचायतों को स्वावलंबी बनाने की दिशा में विभाग को अभी कई महत्वपूर्ण निर्णय लेने हैं। इनमें सबसे महत्वपूर्ण है वित्तीय प्रबंधन। भुगतान प्रणाली को सुचारू एवं पारदर्शी बनाने के लिए ऑनलाइन पोर्टल जल्द से जल्द तैयार कराया जाए। इससे हम विभाग को उपलब्ध राशि, देनदारी की गणना तथा लक्षित लाभार्थियों तक उचित लाभ पहुँच पाए, इसका पारदर्शी संधारण कर सकेंगे। उक्त निर्देश पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने मंत्रालय में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान दिए। बैठक में अपर मुख्य सचिव मलय श्रीवास्तव, संचालक पंचायत राज संचालनालय मनोज पुष्प, मनरेगा आयुक्त कृष्ण चैतन्य, मिशन संचालक स्वच्छ भारत मिशन तनवी सुंद्रियाल, संचालक प्रधानमंत्री आवास योजना केदार सिंह सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। मंत्री पटेल ने कहा कि राज्य शासन ग्रामीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। पंचायती राज सिस्टम के सुचारु संचालन के लिये दिए जाने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम का एक मानक कैलेंडर तैयार किया जाए। स्थानीय विशेषताओं एवं छुट्टियों को ध्यान में रखते हुए प्रशिक्षण कार्यक्रम का निर्धारण किया जाना चाहिए। प्रशिक्षण की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के तहत नियुक्त पदाधिकारियों की पोस्टिंग परफॉर्मेंस के आधार पर की जाए। मंत्री पटेल ने स्व-सहायता समूह और मनरेगा योजना के अभी सरण के तहत संकुल स्तर पर नर्सरी निर्माण कार्य कराये जाने के भी निर्देश दिये। बैठक में शहरी क्षेत्रों से लगी पंचायतों में मध्यान्ह भोजन बेहतर तरीक़े से पहुंचाया जा सके इस पर भी चर्चा की गई साथ ही 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत लगाए जाने वाले पौधों का सर्वाइवल रेट सुनिश्चित करने के लिए भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।



## संपादकीय

# निर्माण नहीं विश्वसनीयता ढहती है

सरकारी निर्माण विभाग अपनी कार्यशैली,लेटलतीफी और घटिया निर्माण के लिये अक्सर सुर्खियं में रहते हैं। इसीलिये वे अलोकप्रिय भी होते हैं। मगर बिहार में सरकारी कामकाज की जो दुगर्ति देखी जा रही है, वह बहुत कुछ सोचने व सरकार के स्तर पर नया करने की जरूरत बताती है। इस बार मानसून की शुरुआत में ही एक के बाद एक पुलों के ध्वस्त होने की घटनाओं के बाद बिहार सरकार हरकत में तो आई है लेकिन एक्शन के नाम पर ज्यादा कुछ नहीं नजर आता। जल संसाधन तथा ग्रामीण कार्य विभाग के पंद्रह अभियंताओं को निलंबित भर किया गया है। गौरतलब है कि राज्य में बीते कुछ दिनों के भीतर विभिन्न इलाकों में नए-पुराने दस पुल ढहने की खबर आ चुकी है। हैरानी की बात है कि ध्वस्त पुलों में कुछ निर्माणाधीन थे। सवाल है कि बिहार की मौजूदा सरकार अपने जिस सुशासन के दावे अक्सर करती रहती है, उसमें लगातार पुलों के ढहने को कैसे देखा जाए। कुछ वर्ष पहले बने या फिर निर्माणाधीन पुल अगर इस तरह गिर गए, तो इसके पीछे घोर लापरवाही और भ्रष्टाचार के अलावा और क्या वजह हो सकती है? विडंबना है कि जहां पुलों के लगातार ढहने की जांच कर जरूरी कार्रवाई की जाती, बाकी पुलों के रखरखाव और नए पुलों के निर्माण में भ्रष्टाचार खत्म करके उनकी गुणवत्ता सुनिश्चित की जाती, वहीं इस मसले पर नाहक सियासी बयानबाजियां शुरू हो गईं। ढह गए पुलों की जिम्मेदारी पर सियासत क्या इस समस्या का समाधान है? दरअसल, भ्रष्टाचार के ये पुल सुशासन के दावों की हकीकत बताने के लिये काफी हैं। लगातार पुलों के गिरने की घटनाओं पर कठघरे में घिरी सरकार का कहना है कि उसके अधीन निर्मित जो पुल गिरे हैं, उनका जिम्मा संभालने वाले ठेकेदारों को काली सूची में डालने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। सवाल है कि जब इन पुलों का निर्माण हो रहा था तो संबंधित विभाग ने इसकी गुणवत्ता सुनिश्चित करने की जरूरत क्यों नहीं समझी। इस बात की क्या गारंटी है कि कोई दूसरा ठेकेदार पुल के निर्माण की गुणवत्ता से समझौता नहीं करेगा? पुलों के गिरने की घटनाओं को लेकर गठित जांच समिति ने अपनी शुरुआती रपट में कहा है कि विभागीय अधिकारियों ने निर्माण कार्य की निगरानी करने और बाद में पुलों की देखरेख में लापरवाही बरती। इसी रपट के आधार पर पंद्रह अभियंताओं को निलंबित किया गया है। मगर क्या सिर्फ संबंधित अधिकारियों को निलंबित कर देने से इस की समस्या का समाधान हो जाएगा? भ्रष्टाचार के जिस जाल की वजह से ऐसी समस्याएं पैदा होती हैं, उस पर प्रहार किए बिना इसका हल कैसे निकलेगा? हालांकि बिहार की अकेला ऐसा राज्य नहीं हैं जहां सरकारी निर्माण ढह जाते हैं, देश के कई राज्यों में यह स्थिति बनती रही है। मगर हर बार सवाल उठते हैं, हंगामे होते हैं और सियासी रूप से एकदूसरे को गुनहगार बताने की कोशिशें भी की जाती हैं। जरूरत तो इस बात की है कि सरकारी निर्माक्ष की गुणवत्ता व मजबूती को लेकर पारदर्शी ऑडिट कराया जाए, इसमें अमले के सबंधित डिवीजन और ठेकेदार की जवाबदेही तय की जाए। यदि ऐसा नहीं होगा तो सरकारी इंजीनियर्स और ठेकेदारों का गठजोड जनता के धन को यूं ही बर्बाद करता रहेगा,जब भी भवन, पुलिया या पुल ढहेंगे तो लगेगा कि जनता का धन ढह रहा है, सरकार की विश्वसनीयता ढह रही है।

ब्रह्मांड हमारे भीतर है। हम तारों से बने हैं। हम ब्रह्मांड के लिए खुद को जानने का एक तरीका हैं। – कार्ल सेगन

## आज का इतिहास

- 1854 जैक्सन ने मिशिगन में अमेरिकी रिपब्लिकन पार्टी का पहला सम्मेलन आयोजित किया।
- 1885 फ्रांसीसी रसायनज्ञ लुइस पाश्चर और एमिल रूक्स ने नौ साल के जोसेफ मेस्टरहॉटर पर रेबीज के खिलाफ अपने टीके का सफल परीक्षण किया, जिसके बाद उन्हें एक संक्रमित कुत्ते ने काट लिया।
- 1885 लुई पाश्चर ने रेबिज के टीके का सफलतापूर्वक परीक्षण किया। इस खोज ने मेडिकल की दुनिया में एक क्रांति ला दी।
- 1887 हवाई के राजा कलकौआ को बेयोनेट कॉइनस्टैस्ट्रेशन पर हस्ताक्षर करने के लिए मजबूर किया गया था, जिसने अपने अधिकांश प्राधिकरणों के हवाई राजशाही को छीन लिया, साथ ही सभी एशियाई, अधिकांश देशी हवाईयन और थेपोर को भंग कर दिया।
- 1892 पेनसिल्वेनिया के होमस्टेड में एक स्टीलवर्कर्स की हड़ताल के दौरान, स्ट्राइकर और पिंकर्टन एजेंटों के बीच विज्ञापन-लंबी लड़ाई के परिणामस्वरूप निविदाएं हुई व दर्जनों लोग घायल हुए
- 1905 अमेरिकी स्कूल शिक्षक केटी डेविट जेम्स ने अपने पति से तलाक के लिए दायर की, ऐसी घटनाओं की एक श्रृंखला की शुरुआत की जो अंततः उसकी अनसुलझी हत्या और मृत महिला क्रॉसिंग, ओक्लाहोमा के नामकरण का नेतृत्व करेगी।
- 1906 दूसरा जिनेवा सम्मेलन पूरा हुआ।
- 1923 सोवियत सोशलिस्ट रिपब्लिक की स्थापना हुई।
- 1931 बिली बर्क ने यू.एस. ओपन गोल्फ टूर्नामेंट जीता।
- 1936 इंग्लैंड में मैनचेस्टर बोल्टन एंड बरी कैनाल के एक बड़े उल्लंघन ने 300 फीट पानी के झरने 300 फीट (91 मीटर) इरवेल नदी में भेजे।

## कविता

### पार



– नरेश सक्सेना

पुल पार करने से
पुल पार होता है
नदी पार नहीं होती।

नदी पार नहीं होती नदी में
धंसे बिना
नदी में धंसे बिना
पुल का अर्थ भी समझ में
नहीं आता।

पुल पार करने से
पुल पार नहीं होता
सिर्फ़ लोहा-लंगड़ पार होता है

कुछ भी नहीं होता पार
नदी में धँसे बिना
न पुल पार होता है
न नदी पार होती है।

# प्रकृति में संतुलन की दरकार, चुनौतियों के स्थायी समाधान के लिए कई कदम जरूरी

■ शिव शरण शुक्ला

विकास के नाम पर मानव जीवन के लिए जो जरूरी वास्तविक धन है, उसे बर्बाद करने की हो? मची हुई है। हम सह-अस्तित्व के सिद्धांत को नकार कर जिस तरह से प्राकृतिक संसाधनों को निचोड़ रहे हैं, उसी के चलते आज धरती हीटवेव का सामना कर रही है। अब तो तापमान सिर्फ दिन में ही नहीं बढ़ता, बल्कि रातें भी गर्म रहने लगी हैं। भूमिगत जल का तापमान भी बड़ने लगा है। स्पष्ट है कि हमने पृथ्वी पर जीवन को संकटमय बना दिया है। आज अधिकांश शहरों का तापमान सामान्य से 4.5 से लेकर 6.4 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा बढ़ चुका है। इतना बढ़ा हुआ तापमान देश में हीटवेव की रेड कैटेगरी में आता है, जो मानव स्वास्थ्य के लिए बहुत अधिक नुकसानदेह है। इससे भविष्य में गर्मी के कारण होने वाली मृत्यु में छह गुना का इजाफा हो सकता है।वैज्ञानिकों के अनुसार ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन के अलावा शहरीकरण के चलते हीट इंडेक्स को अनदेखा करना; भूजल, पेट्रोलियम पदार्थों व कोयला का मनमाना दोहन, पृथ्वी की सतह पर पानी का कम होना, घरों-दफ्तरों में एसी का बढ़ता इस्तेमाल, वनों की कटाई, जैव-विविधता में कमी, पृथ्वी की चुंबकीय क्षमता में कमी एवं पृथ्वी की अंदर की सतह के घूर्णन की गति कम होना तथा सूर्य व पृथ्वी के बीच की दूरी घटने जैसे कारक इसके लिए जिम्मेदार हो सकते हैं।

भारत के ही संदर्भ में देखें, तो 1971 में सबसे ज्यादा तापमान 44.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था, जो 2024 में बढ़कर 52 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा हो गया है। यानी 53 वर्षों में तापमान में आठ डिग्री सेल्सियस तापमान की वृद्धि हो चुकी है। बढ़ते तापमान से जलवायु परिवर्तन के कारण चरम मौसमी घटनाओं में तो वृद्धि होती ही है, इससे जैव-विविधता को भी भारी नुकसान पहुंचता है। इस ग्लोबल वार्मिंग को रोकने के लिए दुनिया भर के नीति निर्माताओं को ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में कमी पर विशेष ध्यान देना होगा। इसके लिए जरूरी है कि कॉप -28 में जो निर्णय लिए गए, उनका बेहतर ढंग से पालन किया जाए। हमें प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध दोहन पर रोक लगाना होगा।

इसके अलावा, सह-अस्तित्व के सिद्धांत को ध्यान में रखते हुए पूरे विश्व में पर्यावरणीय नियम-कानून लागू किए जाने चाहिए। भारत में पर्यावरणीय सूचकांक की स्थिति को देखते हुए प्राकृतिक वसीयत के लिए एक अध्यादेश लागू हो। तभी हम खुशहाल जीवन जी सकते हैं। इसके अलावा सरकारों को चाहिए कि पंचमहाभूतों के संरक्षण हेतु एक एकीकृत योजना लागू की जाए एवं इसके अंतर्गत कृषि को एक राष्ट्रीय कार्य घोषित किया जाए, ताकि हम सर्वे भवन्तु सुखिनः का संदेश विश्व को दे सकें। बड़ती हुई आर्थिक, सामाजिक असमानता को संतुलित रखने के लिए एक आयोग की स्थापना हो, जिसमें सर्कुलर इकनॉमी को बड़ावा दिया जाए। सर्कुलर इकनॉमी का सबसे बड़ा फायदा यह है



**भारत में पर्यावरणीय सूचकांक की स्थिति को देखते हुए प्राकृतिक वसीयत के लिए एक अध्यादेश लागू हो। तभी हम खुशहाल जीवन जी सकते हैं। इसके अलावा सरकारों को चाहिए कि पंचमहाभूतों के संरक्षण हेतु एक एकीकृत योजना लागू की जाए एवं इसके अंतर्गत कृषि को एक राष्ट्रीय कार्य घोषित किया जाए, ताकि हम सर्वे भवन्तु सुखिनः का संदेश विश्व को दे सकें। बड़ती हुई आर्थिक, सामाजिक असमानता को संतुलित रखने के लिए एक आयोग की स्थापना हो, जिसमें सर्कुलर इकनॉमी को बड़ावा दिया जाए...**

कि यह स्थानीय स्तर पर काम और कुशल कारीगर तैयार करेगी। इससे परोक्ष व अपरोक्ष रूप से रोजगार मिलने के साथ जैव-विविधता भी समृद्ध होगी। पेड़ और जंगल लंबे समय से कार्बन पृथक्करण का केंद्र बिंदु रहे हैं। ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन का मुकाबला करने के लिए पेड़ लगाना और उनकी रक्षा जरूरी है।

मानवीय गतिविधियों के कारण ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है, जिसके कम होने के कोई संकेत नहीं हैं। उसमें कमी के प्रयास सभी देशों को करने चाहिए। कार्बन उत्सर्जन के लिए सिर्फ विकासशील देश ही जिम्मेदार नहीं हैं, बल्कि विकसित देश इसके लिए ज्यादा जिम्मेदार हैं। पर्यावरण संकट का हमें स्थायी समाधान तलाशना होगा, क्योंकि वातावरण में ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन कम कर देना जलवायु परिवर्तन का स्थायी हल नहीं है, और न ही इसका स्थायी समाधान किसी सरकार व टेक्नोलॉजी के पास है। इसका स्थायी समाधान सिर्फ किसानों के पास है, क्योंकि किसान ही है, जिसका सीधा संबंध मिट्टी से होने के कारण, जैव-विविधता, जल, पशु-पक्षी आदि से भी होता है। हमें प्रकृति में संतुलन लाना होगा। यदि हम जलवायु परिवर्तन सुधारने के चक्कर में सिर्फ ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन को कम करने के प्रयास करते रहे, तो निश्चित रूप से विफल साबित होंगे। हमें अपनी जीवन-शैली में भी सुधार करना होगा। **– साभार**

# राजनीतिक अविश्वास से उपजा सत्ता पलट

■ पुष्परंजन

बिहार के सहरसा में जन्मे गिरिजा प्रसाद कोइराला नेपाल में चार बार प्रधानमंत्री रहे। मई, 2008 में जब वह अंतरिम सरकार के कार्यकारी प्रधानमंत्री थे, तब भी अपनी इकलौती संतान सुजाता कोइराला को प्रधानमंत्री बनते देखना चाहते थे, लेकिन उनका यह सपना उनके साथ ही चला गया। नेपाली कांग्रेस की राजनीति आज भी स्वर्गीय गिरिजा प्रसाद कोइराला को केंद्र में रखकर की जाती है। उसका उदाहरण मंगलवार को तब देखने को मिला, जब कोइराला की 100वीं जयंती के अवसर पर एक फोटो प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। 'क्रांति से शांति तक' नामक फोटो प्रदर्शनी नेपाली कांग्रेस के केंद्रीय कार्यालय, सानेपा, ललितपुर में आयोजित किया गया था, जहां वर्तमान प्रधानमंत्री प्रचंड आये, और इसके प्रकारांतर 'पीएम इन वेटिंग', केपी शर्मा ओली भी पधारे। उस अवसर पर प्रचंड का नेपाली कांग्रेस के नेता शेर बहादुर देउबा से क्या संवाद हुआ, वह सार्वजनिक नहीं हुआ है। मगर, बुधवार सुबह प्रचंड ने घोषणा की, कि पहले संसद में विश्वास मत करा लेते हैं, फिर मैं कुर्सी छोड़ूंगा।

एक साल 180 दिनों से प्रचंड सत्ता में हैं। तीसरे टर्म प्रधानमंत्री पद पर बने रहना कितना कठिन होता है, उसे यों समझा जाये कि अब तक उन्हें चार बार विश्वास मत हासिल करना प?ा है। आखिरी बार 20 मई, 2024 को प्रचंड को विश्वास मत हासिल करना प?ा था, तब उपेन्द्र यादव के नेतृत्व वाली जनता समाजवादी पार्टी ने अपना समर्थन वापस ले लिया था। बुधवार शाम एमाले ने समर्थन वापसी की घोषणा कर दी। उसके आठ मंत्री सरकार में थे, उन्होंने भी त्यागपत्र दे दिया। एमाले ने चौबीस घंटे के भीतर प्रचंड से प्रधानमंत्री पद छोड़ने को कहा है। प्रचंड ने सुबह ही मना कर दिया था कि फ्लोर टेस्ट के बाद ही सब तय होगा। संविधान के अनुच्छेद 100 (2) में कहा गया है कि यदि गठबंधन में कोई राजनीतिक दल अपना समर्थन वापस ले लेता है, तो प्रधानमंत्री 30 दिन के भीतर विश्वास मत के लिए प्रतिनिधि सभा में एक प्रस्ताव पेश करेंगे। अब सबको लग गया है कि प्रचंड आसानी से पद छोड़ने वाले नहीं। सोमवार को जब 'सूर्य अस्त, नेपाल मस्त' था, तब रात सवा बारह बजे काठमांडो के बूढ़ा नीलकंठ स्थित चपली हाइट रिसोर्ट में नेकपा-एमाले (यूएमएल)



और नेपाली कांग्रेस ने सत्ता परिवर्तन का समझौता किया था। चपली समझौते में तय हो गया कि बचे हुए टर्म के आधे कालखंड में केपी शर्मा ओली प्रधानमंत्री रहेंगे, और शेष समय शेर बहादुर देउबा प्रधानमंत्री की कुर्सी संभालेंगे।

लिखित सहमति के अनुसार, 'ओली नेपाली कांग्रेस और अन्य सीमांत दलों के समर्थन से नई सरकार का नेतृत्व करेंगे। संविधान संशोधन किया जायेगा। समानुपातिक चुनाव प्रणाली बदली जाएगी, नेपाली कांग्रेस गृह सहित 10 मंत्रालयों का नेतृत्व करेगी। यूएमएल को वित्त सहित नौ मंत्रालय मिलेंगे। कांग्रेस और यूएमएल तीन-तीन प्रांतीय सरकारों का नेतृत्व करेंगे, मगर मधेश में सरकार का नेतृत्व एक क्षेत्रीय पार्टी करेगी।' चपली हाइट रिसोर्ट से ही सन्देश जारी किया गया कि इस समझौते का अनुमोदन हम मंगलवार से करने जा रहे हैं, राष्ट्रीय सहमति की सरकार में माओवादियों को छो?कर, जो शेष दल आना चाहते हैं, उनका स्वागत है। 'चपली समझौते' को सत्ता पलट का प्रयास कहा जाये, तो अनुचित नहीं होगा। ओली ने यह ब्रह्मास्त्र चलाया क्यों, उसके पीछे की वजह अविश्वास है। प्रचंड अलग-अलग ठिकानों पर नेपाली कांग्रेस के नेताओं से बात कर रहे थे, यह खबर केपी शर्मा ओली को थी। एमाले के नेता प्रदीप कुमार ज्ञावाली ने बुधवार को कहा, 'पीएम प्रचंड राष्ट्रीय सर्वसम्मति वाली सरकार बनाने के लिए पिछले एक महीने से नेपाली कांग्रेस के नेताओं के साथ बातचीत कर रहे थे, जिससे अविश्वास की स्थिति पैदा हो गई। इसने अंततः हमें नेपाली कांग्रेस के साथ बातचीत शुरू करने के लिए मजबूर किया।' लेकिन केवल यही बात नहीं थी, राजदूतों की नियुक्तियों में भी दोनों नेताओं में तू-तू, मैं-मैं हुई थी।

पांच टर्म प्रधानमंत्री रह चुके शेर बहादुर देउबा 26 दिसंबर, 2022 को सत्ता से बाहर हुए थे, उसी दिन केपी शर्मा ओली की पार्टी 'नेकपा-एमाले' की मदद से प्रचंड प्रधानमंत्री बन गए। लेकिन, ओली से पटरी बैठना प्रचंड के लिए भी आसान नहीं था। मंत्रालयों की फाइलें और राजदूतों की नियुक्तियां मतभेद का कारण बनती चली गईं। देश आर्थिक रूप से जर्जर और जरूरी वस्तुओं से अभावग्रस्त होने लगा। इंडस्ट्री धड़ाधड़ बंद होने लगी, मगर दोनों नेताओं में अहं का टकराव चरम पर था। ओली और दाहाल के बीच दरार की सबसे बड़ी वजह नेपाल प्रतिभूति बोर्ड (सेबन) में अध्यक्ष की नियुक्ति, झापा स्थित गिरीबन्धु चाय बगान भूमि स्कैंडल में फंसे ओली, और भूटानी शरणार्थियों की कबूतरबाड़ी का मामला भी रहा है। तीन महीने से अधिक समय से सेबन चेयरमैन का पद ?ाली है, जिससे अरबों रुपये के प्रतिभूति के आवेदन अटके पड़े हैं। दोनों नेता अपने भरोसे के आदमी को शिखर पर बैठाना चाह रहे थे। पांच उम्मीदवार शॉर्टलिस्ट किए गए। लेकिन जब कोई निष्कर्ष नहीं निकला, तो शुक्रवार को वित्त मंत्रालय ने 'सेबन' में अध्यक्ष की नियुक्ति को रद्द करने की घोषणा कर दी।

नेपाल में भूटानी शरणार्थियों को अमेरिका भेजने वाले रैकेट पर कोई भी खुलकर बोलने से परहेज कर रहा है, जिसमें कई दलों के नेता-दलाल-नौकरशाह फंसे हैं। इसमें एक शख्स बेचन झा का नाम आया था, जिसकी गिरफ्तारी टल रही थी। बेचन झा नेपाली कांग्रेस का आदमी बताया जाता है, जिसे कंचनपुर में 30 जून को दो करोड़ के चेक के साथ गिरफ्तार किया गया। कंचनपुर पूर्व परराष्ट्रमंत्री व कांग्रेस नेता नारायण प्रकाश सऊद की कांस्टिचुएंसी है, जिसने जांच एजेंसियों की दुविधा ब?ा दी है। नेपाल में अगली सरकार दुरभिसंधि से ही चलेगी, यह तो स्पष्ट है। लेकिन संविधान संशोधन और समानुपातिक प्रणाली समाप्त करने का जो संकल्प 'चपली समझौते' में किया गया है, उसके लिए दो-तिहाई मत कहां से जुटा पाएंगे? 2008 से नेपाल में मिश्रित चुनावी प्रणाली लागू है, जिसमें 60 प्रतिशत प्रतिनिधि प्रत्यक्ष चुनाव से, और 40 प्रतिशत समानुपातिक प्रतिनिधित्व के जरिये चुने जाते हैं। यदि संविधान बदलना है, तो संशोधन के लिए निचले और ऊपरी सदन, दोनों में दो-तिहाई बहुमत की आवश्यकता है। निचले सदन में नेपाली कांग्रेस के 88, और एमाले के 78 सभासदों से बात बनेगी नहीं। इन्हें दो-तिहाई बहुमत के लिए 18 और सांसदों के समर्थन की आवश्यकता होगी। और 59 सदस्यीय उच्च सदन में भी दो-तिहाई (40 वोट) बहुमत हासिल करने के लिए नेकपा-माओवादी सेंटर को छोड़कर, हर पार्टी के समर्थन की आवश्यकता होगी। यह आकाश कुसुम तोड़ने जैसा है। ओली के लिए फिलहाल तो मिशन प्रचंड है। लेकिन, नेपाल के एक करोड़ 80 लाख वोटर क्या ठगा सा महसूस नहीं कर रहे होंगे? **– साभार**

# भगवान जगन्नाथ बलभद्र बहन सुभद्रा के साथ रथ पर नगर भ्रमण को निकले



**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।**

जगन्नाथ रथ यात्रा भगवान विष्णु के अवतार भगवान जगन्नाथ उनके भाई बलभद्र एवं बहन देवी सुभद्रा के साथ जगत प्रसिद्ध जगन्नाथ पुरी मैं आयोजित की जाती है। आदि गुरु शंकराचार्य के अनुसार एक हिंदू को अपने जीवन काल में चार धाम यात्रा अवश्य करनी चाहिए, जगन्नाथ धाम मंदिर इन चार तीर्थ स्थान में पूर्व दिशा की ओर स्थापित है, कहते हैं कि द्वारिका में बहन सुभद्रा ने अपने भाई भगवान कृष्ण एवं बलभद्र से नगर भ्रमण करने का अनुरोध किया तब वह दोनों भाई बीच में अलग रथ में बहन सुभद्रा को बैठ कर नगर भ्रमण को निकले, इसी स्मृति स्वरूप रथ यात्रा पूरे भारतवर्ष में निकली जाती है। सिवनी मालवा में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा बड़ी धूमधाम से निकली गई रथ को फूलों से सजाया गया, उसमें भगवान जगन्नाथ, बलभद्र देवी सुभद्रा विराजमान रहे रथ जगदीश मंदिर से प्रारंभ होकर पाठक चौक, राधाबल्लभ मंदिर, सांई चौक, रेंज ऑफिस, कल्लू चौक, शीतला माता मंदिर, बड़े मंदिर, नर्मदा मंदिर, नगरवासियों ने अपने घर के सामने भगवान के रथ को देखकर बड़ी श्रद्धा भक्ति से भगवान का पूजन किया तथा जगह-जगह सनातनी श्रद्धालुओं का पुष्प वर्षा की एवं भक्तजनों को शीतल पेय, चाय आदि द्वारा स्वागत किया, सुप्रसिद्ध गायकों के भजनों पर श्रद्धालु जमकर भक्ति विभोर होकर नाचते गाते रथ की रस्सी को खींचकर आगे बढ़ा रहे थे। आयोजकों ने जगन्नाथ का भात का प्रसाद लोगों में वितरित किया, श्रद्धालुओं का कहना है कि युवा पीढ़ी को धार्मिक संस्कृति संस्कारों से जोड़ना आवश्यक है, रथ यात्रा में जनप्रतिनिधि, व्यापारी वर्ग, बड़ी संख्या में महिलाएं, बच्चे, पत्रकार बंधु उपस्थित रहे।

### नर्मदापुरम नगर पालिका का हैरत अंगेज मामला...

# 2010 में पिता सेवानिवृत, पुत्र को 05 में अनुकंपा नियुक्ति!

**चाचा के स्थान पर भतीजे को अनुकंपा नियुक्ति, न्यायालय की शरण लेगा नपा मजदूर कर्मचारी संघ**

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

नगर पालिका में वर्ष 2005 में चाचा के स्थान पर भतीजे को चपरासी पद पर दी गई अनुकंपा नियुक्ति मामले की नगर पालिका मजदूर कर्मचारी संघ कई महीने से जाँच की मांग कर रहा है. लेकिन अधिकारी मामले को दबाने का प्रयास कर रहे हैं. चपरासी पद पर अनुकंपा नियुक्ति प्राप्त करने वाले कर्मचारी को पदोन्नति देकर नगर पालिका ने लेखा शाखा में पदस्थ कर रखा है।

इस मामले को लेकर नपा कर्मचारी मजदूर संघ द्वारा सूचना के अधिकार के तहत नगर पालिका से दस्तावेज मांगे हैं. लेकिन उन्हें नगर पालिका द्वारा दस्तावेज नहीं दिये जा रहे हैं. संघ के कार्यकारी अध्यक्ष महेश वर्मा ने बताया है कि आवेदन देने के उपरांत नगरपालिका की सूचना शाखा द्वारा दिनांक -04/07/2024 को पत्र जारी कर संघ को अवगत कराया कि आवेदन में अस्पष्ट भाषा है.और यह कहकर जानकारियां देने से मना किया गया है. सूचना शाखा से मजदूर संघ ने पत्र क्रमांक - 33/24 दिनांक - 16/05/24 द्वारा चाचा के स्थान पर भतीजे को चपरासी के पद अनुकंपा नियुक्ति दी गई. अनुकंपा से संबंधित दस्तावेज मांगे गए हैं. आवेदन वित्तीय अनियमित्ताओं से भी संबंधित है



जिसके जरिए पूछा गया कि संचनालय के पत्र पर क्या कार्यवाही प्रभारी लिपिक पर की गई।

वर्मा ने बताया सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत जो भी जानकारियां मांगी गई वे सभी स्थापना शाखा से संबंधित है. और स्थापना शाखा में चपरासी पद पर अनुकंपा नियुक्ति प्राप्त वर्तमान लेखा लिपिक की पत्नी पदस्थ है।

स्थापना शाखा में जब तक पत्नी पदस्थ रहेगी तब तक लेखा शाखा में पदस्थ लिपिक को चाचा के स्थान पर आश्रित मानकर अनुकंपा नियुक्ति से संबंधित सभी दस्तावेज व वित्तीय अनियमित्ताओं से संबंधित सभी जानकारियां मिलना असंभव है. चाचा के स्थान पर अनुकंपा नियुक्ति प्राप्त कर शासन, जिला प्रशासन, नगरपालिका को धोखा दिया गया जालसाजी की गई है वर्मा ने बताया इनके पिता विजय सोनी भूमि विकास बैंक होशंगाबाद में पर्यवेक्षक के पद पर पदस्थ थे जो माह अक्टूबर 2010 में सेवानिवृत्त हुए और पुत्र के द्वारा माह जून 2005 में चपरासी के पद पर अनुकंपा लेकर अनुकंपा नियमावली व आश्रित कोटे का दुरूपयोग करते हुए शासन, जिला प्रशासन, नगरपालिका को गुमराह किया गया. नगरपालिका सीएमओ को अनुकंपा नियुक्ति की जांच व वित्तीय अनियमित्ताओं को लेकर शासन स्तर पर पत्र व्यवहार करना चाहिए लेकिन वह इनकी मददगार बनी हुई है. अनुचित तरीके से प्राप्त की गई अनुकंपा नियुक्ति व वित्तीय अनियमित्ताओं की जाँच में लिप्त कर्मचारी की मददगार बनके नगरपालिका सीएमओ अपने कर्तव्य का उचित पालन नहीं कर रही है. आने वाले कल में अनुकंपा नियुक्ति कि जांच को लेकर न्यायालय जबलपुर में प्रकरण निश्चित ही दर्ज होगा।

### 40 हजार वर्गफीट में महानगरों की तर्ज पर सर्वसुविधायुक्त चौपाटी

# पीएम स्ट्रीट वेंडर योजना के तहत बैल बाजार में 57 लाख रुपए लागत से बन रही चौपाटी

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

अच्छे व्यंजन खाने की शौकीन नागरिकों के लिए सुरक्षा के साथ ही स्वच्छ चौपाटी जल्दी ही मिलने वाली है। इटारसी शहर के वार्ड 11 में आने वाले बैल बाजार में नगरपालिका परिषद इटारसी महानगरीय चौपाटियों की तर्ज पर सर्वसुविधायुक्त चौपाटी बना रही है। सोमवार को नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने परिषद के साथियों के साथ इसका भूमिपूजन किया। चौपाटी 40 हजार वर्गफीट एरिया में बनेगी, जिसे बनाने में 57 लाख रुपये का खर्च आएगा। भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे, सीएमओ रितु मेहरा, वरिष्ठ भाजपा नेता विश्वनाथ सिंघल, एमजीएम कॉलेज जनभागीदारी समिति अध्यक्ष डॉ नीरज जैन, महिला मोर्चा अध्यक्ष बबीता चौहान, स्थानीय



पार्षद अमित विश्वास, जिमी कैथवास, कुंदन गौर, शुभम गौर, राहुल प्रधान, पार्षद प्रतिनिधि आशुतोष अग्रवाल, राजकुमार बाबरिया, भाजपा नेता अशोक लाटा, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष नफीश अहमद सिद्धीकी, कैलाश रैकवार, राधा मैना सहित अन्य मौजूद थे।

नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने कहा विधायक डॉ सीतासरन शर्मा और कलेक्टर के प्रयासों से यह जमीन नगरपालिका को मिल पाई है, जमीन की रजिस्ट्री और नामांतरण भी हो गया है। उन्होंने कहा कि इंदौर की छप्पन मार्केट और भोपाल में 06 नम्बर मार्केट की चौपाटी की तरह यहां चौपाटी बना रहे हैं। चौपाटी कवर्ड होगी, जिसकी दीवार 10 फीट ऊंचाई की होगी, मुख्य गेट पुलिस लाइन के सामने होगा। पार्किंग की सुंदर व्यवस्था यहां होगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डा नीरज जैन ने कहा कि विधायक डॉ शर्मा के नेतृत्व में लगातार विकास कार्य हो रहे हैं, शहर में एक अच्छी चौपाटी बनने से यहां नागरिकों को रोजगार तो मिलेगा ही साथ ही अच्छा नाश्ता करने वालों के लिए सुविधा मिलेगी। सीएमओ रितु मेहरा ने कहा कि चौपाटी बनने से बाजार में ट्रेपिफक की व्यवस्था अच्छी होगी, अभी यहां वहां ठेले खडे होने से परेशानी होती है।

# खेडा पर हाईवे किनारे लगाए गए 30 पौधे, सीपीई तक लगाएगी नपा

**इटारसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रारंभ किए गए अभियान एक पेड मां के नाम, से इटारसी नगरपालिका भी जुड गई है। सोमवार को अभियान से प्रेरणा लेकर नगरपालिका परिषद इटारसी के अध्यक्ष पंकज चौरे ने खेडा पर हाईवे किनारे 30 पौधे लगाए। साथ में सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड भी लगाए गए। इस वृक्षारोपण अभियान के दौरान एसडीएम प्रशिक्षु आईएएस टी प्रतीक राव, तहसीलदार सुनीता साहनी, सीएमओ रितु मेहरा, पार्षद जिमी कैथवास, शुभम गौर, कुंदन गौर, अमित विश्वास, राहुल प्रधान, युवा मोर्चा महामंत्री शुभम राठौड, शुभम पटेल, अवध पांडे, कैलाश रैकवार, सौरभ मेहरा, नगरपालिका से उपयंत्री आदित्य पांडे, मयंक अरोरा, सहित अन्य मौजूद थे।

**एक पेड मां के नाम अभियान का इटारसी में शुभारंभ**

# एसडीएम ने किया स्कूल का निरीक्षण, सात शिक्षक मिले अनुपस्थित

**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।**

नवीन शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होने पर विकासखंड के सभी स्कूलों का निरीक्षण अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है। जिला कलेक्टर सुश्री सोनिया मीणा के निर्देश अनुसार एसडीएम श्रीमती सरोज सिंह परिहार द्वारा प्रातः 10~30 बजे शासकीय नवीन कन्या हाई स्कूल बानापुरा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय सात शिक्षक शिक्षिकाएं अनुपस्थित पाए गए अनुपस्थित शिक्षकों में अंनतेश गढ़वाल उच्च माध्यमिक शिक्षक, मुकेश मिश्रा उच्च श्रेणी शिक्षक, श्रीमती रजनी वर्मा प्राथमिक शिक्षक, राजेश खत्री माध्यमिक शिक्षक, श्रीमती ममता साहू माध्यमिक शिक्षक, अनिल सोनी सहायक शिक्षक, श्रीमती विनीता पटेल प्राथमिक शिक्षक निरीक्षण के समय अनुपस्थित थे। जबकि श्रीमती आरती रघुवंशी दिनांक 4 जुलाई से 9 जुलाई तक आकस्मिक अवकाश पर पाई गई अनुपस्थित पाए गए शिक्षकों का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश एसडीएम द्वारा दिए गए। शासकीय नेहरू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण करने पर पाया गया कि निरीक्षण के समय विनय कुमार तिवारी माध्यमिक शिक्षक अनुपस्थित रहे एवं श्रीमति शैली तिवारी विगत चार दिवस से बगैर सूचना की अनुपस्थिति थी इनके भी वेतन काटने के निर्देश विकासखंड शिक्षा अधिकारी सिवनी मालवा को दिए।



निरीक्षण के दौरान विद्यालय अभिलेख के अनुसार के,के, यादव प्राचार्य शासकीय नवीन हाई स्कूल बानापुरा एवं अशोक सोनी प्रभारी प्राचार्य शासकीय नेहरू स्मृति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बनापुरा द्वारा अपने कर्तव्यों एवं अधिकारों का विधिवत उपयोग नहीं किया जा रहा है जिसके कारण विद्यालय एवं संकुल की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक व्यवस्था ठीक नहीं है दोनों प्राचार्य को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है।

एसडीएम श्रीमती परिहार ने बताया कि स्कूलों का सतत निरीक्षण किया जाएगा शिक्षक शक्षिकाओं की नुपस्थित पाए जाने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित का वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया जाएगा।इस दौरान विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्याम सिंह रघुवंशी उपस्थित थे।

# सुरक्षा सैनिक भर्ती कैंप आयोजित

**रायसेन।** भारतीय सुरक्षा दस्ता परिषद नई दिल्ली एवं भारत सरकार पसारा एक्ट 2005 के अंतर्गत एव जिला प्रशासन एवं म.प्र. राज्य ग्रामीण आजिविका मिशन के सहयोग से सिक्योरिटी स्किल काउंसलिंग इंडिया लिमिटेड नीमच के द्वारा ग्रामीण व शहरी शिक्षित युवाओं को सुरक्षा सैनिक के पदो पर भर्ती कैंपो का आयोजन जनपद पंचायत गैरतगंज में किया गया जिसमें 25 लडको ने भाग लिया नीमच से आये भर्ती आधिकारी संतोष सिंह ने मांप दंड के आधार पर 09 लडको का चयन किया है। अगला कैंप 09 जुलाई को जनपद पंचायत बेगमगंज में, 10 जुलाई को जनपद पंचायत सिलवानी में, 11 जुलाई को जनपद पंचायत उदयपुरा में, 12 जुलाई को जनपद पंचायत बाडी में, 15 जुलाई को जनपद पंचायत ओबेदुल्लागंज में तथा 16 जुलाई को जनपद पंचायत सांची में आयोजित किए गए है। रायसेन जिले में 7 दिवसिए भर्ती शिवरो का अयोजन प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक किया जायेगा।

चयनित युवाओं को नीमच में 1 माह के प्रशिक्षण उपरांत 65 वर्ष तक की स्थाई नोकरी दी जाएगी औद्योगिक क्षेत्रों में जैसे दिल्ली का लाल किला, ग्वालियर का किला, भोपाल, मंडीदीप, दैनिक भास्कर आफिस, उज्जैन महाकाल मंदिर खजुराहो का मंदिर आयोध्या राम मन्दिर, सांची स्तूप, आगरा का ताजमहल, ग्वालियार का किला, एसबीआई बैंक, आईडीबीआई बैंक आदि गुजरात म.प्र. में 13000 से 15000 की सैलरी पर रखा जाएगा।

# चार माह के कठिन प्रशिक्षण उपरांत प्रशिक्षु पटवारी अपने कर्तव्य स्थल की ओर रवाना



**नर्मदापुरम।** चार माह के कठिन प्रशिक्षण उपरांत प्रशिक्षु पटवारी अपने कर्तव्य स्थल की ओर रवाना हुए। ज्ञातव्य है कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा नवीन पटवारियों की पदस्थापना के पश्चात 7 मार्च से 5 जुलाई 24 तक प्रशिक्षण हेतु पटवारी प्रशिक्षण शाला नर्मदापुरम में प्रशिक्षण प्रदाय किया गया। सैद्धान्तिक प्रशिक्षण समाप्ति के उपरांत प्रशिक्षु के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन प्लेटिनम रिसोर्ट इटारसी में रखा गया, जिसमें मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुजान सिंह रावत, अनुविभागीय अधिकारी इटारसी टी प्रतीक राव, डिप्टी कलेक्टर अनिल जैन, तहसीलदार नर्मदापुरम देवशंकर धुर्वे एवं इटारसी श्रीमति सुनीता सहानी, उमेश भार्गव एवं जिले के अन्य अधिकारी/कर्मचारी ने पूर्ण उत्साह के साथ भाग लिया एवम प्रशिक्षु पटवारी को मार्गदर्शन दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारम्भ सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत के माध्यम से किया गया, विगत 4 माह के प्रशिक्षण को पीपीटी के माध्यम से प्रशिक्षु पटवारियों के द्वारा फिर से जीवंत किया गया। कार्यक्रम समाप्ति के अवसर पर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा कर्तव्य पथ पर विषम परिस्थितियों मैं भी सदैव पूर्ण निष्ठा जोश के साथ आगे बढ़ने की सलाह दी गई। उपरोक्त संपूर्ण कार्यक्रम जिले के मास्टर ट्रेनर दिनेश प्रधान, भूपेंद्र मांजी के मार्गदर्शन में तैयार किया गया ।

**मेट्रो एंकर**

### संभागायुक्त ने गूगल मीट में कलेक्टर्स को दिए निर्देश

# महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम हेतु टीकाकरण को बढ़ावा

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

संभागायुक्त केजी तिवारी ने संभाग के तीनों जिलों के कलेक्टर्स, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं अपर कलेक्टर के कार्यों की गूगल मीट के माध्यम से समीक्षा की। तिवारी ने नर्मदापुरम, बैतूल एवं हरदा के कलेक्टर को निर्देश दिए की वे अपने-अपने जिलो में महिलाओं को होने वाले सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए आवश्यक कदम उठाएं। 9 से 14 वर्ष की बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर विरोधी टीके प्राथमिकता से लगाए जाए। टीकाकरण को बढ़ावा मिले। बच्चियों के अभिभावकों को भी जागरूक किया जाए। इसे अभी से लगाने से कोई साइड इफेक्ट नहीं होता है और ना ही आगे जाकर कोई शारीरिक मानसिक दिक्कत का सामना करना पड़ता है। यह टीका मेडिकल स्टोर में उपलब्ध है। टीका की लागत ?1500 से 3 हजार रूपए में आती है।संभागायुक्त ने कहा कि जो व्यक्ति अपनी बच्चियों को टीका लगाने में समर्थ नहीं है , तो ऐसे लोगों को रेड क्रॉस या रोगी कल्याण समिति के माध्यम से तथा स्वयं सेवी संस्थाओं के डोनेशन के माध्यम से टीके लगाए जाएं। श्री तिवारी ने कहा कि टीकाकरण पूर्णतः स्वेच्छा से किया जाना चाहिए।उन्होंने सभी कलेक्टर्स को निर्देश दिए कि वह मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को इस दिशा में आवश्यक कार्रवाई करने के लिए निर्देश जारी करें।



तिवारी ने बताया कि नर्मदापुरम संभाग में सविनय सुशासन अभियान चलाया जाएगा यह एक सकारात्मक बदलाव वाला अभियान होगा। इस अभियान के तहत प्रति शनिवार प्रातः 6~00 बजे से शासकीय संस्थाओं, सार्वजनिक स्थानो में व्याप्त कर्मियों को दूर किया जाएगा। यदि कहीं कूड़े का ढेर दिखेगा तो वहां सफाई अभियान चलाकर उस जगह को स्वच्छ किया जाएगा, यदि कोई स्कूल समय पर नहीं खुल रहा है तो वहां जाकर स्कूल खुलवाकर बच्चों को पढ़ाया जाएगा। इस अभियान के तहत जगह-जगह पौधारोपण किया जाएगा। नालियों एवं नालो की सफाई भी की जाएगी। इस अभियान में सभी अधिकारी अपनी सहभागिता निभाएंगे। संभागायुक्त ने बताया कि वे स्वयं इस अभियान के तहत फील्ड में जाएंगे और जिन कार्यों की ओर अधिकारियों को ध्यान नहीं है वैसे जनता के हित के कार्य करेंगे।

संभागायुक्त तिवारी ने जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा की और कलेक्टरों को निर्देश दिए की अभियान में निरंतर अभी भी काम किया किया जाए, एक पेड़ मां के नाम की समीक्षा करते हुए सभी कलेक्टर्स को निर्देश दिए की अभी भी पौधारोपण का कार्य पूरी प्रगति पर नहीं है अतः इसमें प्रगति लाई जाए।उन्होंने निर्देश दिए की सभी जिला कार्यालय में शासकीय अधिकारी एवं कर्मचारी समय पर अपनी उपस्थिति दें। और कार्यालय में शासकीय कार्य में पूरी रुचि लेकर कार्य करें। संभागायुक्त तिवारी ने कहा कि सभी शासकीय सेवकों का मूल्यांकन उनके प्रदर्शन के आधार पर किया जाएगा।

नर्मदापुरम संभाग में वर्षा काल की तैयारी एवं संभावित बाढ़ से बचाव के लिए किए जा रहे उपायों की समीक्षा की और निर्देश दिए की वर्षा काल में संभावित बाढ़ के लिए अभी से सभी तैयारी सुनिश्चित की जाए । संभागायुक्त ने सख्त हिदायत दी की वर्षा काल में सड़कों पर आवारा विचरण करने वाले मवेशियों का यथा स्थिति गौशालाओं एवं कांजी हाउस में पुनर्वास कराया जाए एवं उनके लिए भुसा, चारा एवं पानी तथा सभी मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था गौशाला एवं कांजी हाउस में सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने वर्षा काल में मनुष्य में फैलने वाली संक्रामक बीमारी की रोकथाम के लिए आवश्यक उपाय करने के निर्देश दिए। गूगल मीट के दौरान नर्मदा पुरम कलेक्टर सोनिया मीना, हरदा कलेक्टर आदित्य सिंह, बैतूल कलेक्टर नरेंद्र सूर्यवंशी एवं सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।





# रथ पर सवार होकर भक्तों को दर्शन देने निकले जगदीश स्वामी

**सिरोंज।** रविवार को भगवान जगदीश स्वामी की रथ यात्रा बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ श्री राम लला सरकार मंदिर से प्रारंभ हुई जो शहर के मुख्य मार्ग से होते हुए हाजीपुर स्थित पाटीदार धर्मशाला पहुंची जहां पर रात्रि विश्राम हुआ ।आज सुबह भगवान वापस मंदिर पहुंचेंगे शाम को पूजा अर्चना के बाद श्री राम लला सरकार मंदिर से भगवान जगदीश स्वामी को रथ में विराजमान किया फिर भक्तों को दर्शन देने के लिए भगवान रथ में सवार होकर निकले रथ यात्रा का जगह-जगह विभिन्न समाज जनों और समाजसेवी संगठनों ने भी पूजा अर्चना करके स्वागत किया। वहीं श्रद्धालु भगवान की भक्ति में लीन होकर भक्त अपने हाथों से रथ को खींचते हुए चल रहे थे पूरा माहौल भक्ति में नजर आ रहा था चारों तरफ जगदीश स्वामी के जयकारे गूंज रहे थे। जगदीश स्वामी की रथ यात्रा का विशेष महत्व बताया गया है हर साल बड़े उत्साह के साथ रथ यात्रा निकलती है। पुलिस प्रशासन के द्वारा भी सुरक्षा को लेकर भी इंतजाम किए गए थे। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु गण रथ यात्रा में शामिल हुए।

# शहर की सड़कों से हुई यातायात पुलिस नदारद

## आम जनता को जाम से होना पड़ा दो चार



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

वैसे ही नगर की यातायात व्यवस्था ठीक नहीं होने के कारण मुख्य बाजार में तो हर दिन परेशानी होती है ।सोमवार को अधिकांश मार्गो पर जाम के कारण सभी परेशान हो रहे थे । स्कूलों की छुट्टी के बाद हाजीपुर कला बाजार ,बस स्टैंड, मंडी रोड पर यातायात अधिक होने के कारण जाम से आम से लेकर खास को परेशान होना पड़ा स्कूली बच्चों को भी जाम से काफी देर तक दिक्कतों का सामना करना पड़ा वाहन चलने की जगह पर रेंग रहे थे। जाम की समस्या से मुक्ति दिलाने के लिए वैसे तो यातायात पुलिस शहर में तैनात की गई है। लेकिन चर्चा है कि अधिकांश समय यातायात पुलिस कर्मी इस समस्या के समाधान के लिए मौके पर मौजूद नहीं रहते हैं। सोमवार को भी इसी के तरह हालात देखने को मिले जहां भी जाम लगा वहां पर यातायात पुलिस नहीं पहुंची इस वजह से वाहन चालकों को इस जाम के कारण परेशान होना पड़ा। कई वाहन चालकों के द्वारा कहीं से भी वाहनों को लाने का काम किया जाता है कुछ वाहन चालकों के द्वारा सड़कों के किनारो पर लापरवाही से इनको खड़े कर दिए जाते हैं। इसी बीच ठेले वालों से लेकर कहीं दुकानदारों के द्वारा अतिक्रमण कर रखा इस वजह से समस्या हो रही है। इसको दूर करने का काम यातायात पुलिस को करना चाहिए पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है । शहर वासियों की मांग है कि वरिष्ठ अधिकारियों को ध्यान देकर इस समस्या के समाधान के लिए कार्य करना चाहिए।

# गांव को भी हरा भरा बनाने के लिए महिलाओं ने एक पेड़ मां के नाम में किया पौधारोपण

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**



लगातार पेड़ों की कटाई होने के कारण ऑक्सीजन की समस्या का सामना सभी को करना पड़ रहा है। लगातार बढ़ते प्रदूषण के कारण पर्यावरण प्रभावित हो रहा है ।इसको व्यवस्थित करने के लिए सरकार के द्वारा मां के नाम एक पौधा लगाने के लिए विशेष अभियान प्रारंभ किया गया है। नगर से लेकर ग्रामीण अंचलों में खाली स्थान पर अधिक अधिक संख्या में पौधारोपण किया जा रहा है। इसी अभियान के तहत सोमवार को ग्राम पंचायत घुटुआ के सुगनाखेड़ी में ÷मां के नाम एक वृक्ष÷ कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के सरपंच विक्रम सिंह धाकड़ एवं ग्राम पंचायत सचिव मुशर्रफ अली की सहभागिता में गांव की महिलाओं ,स्कूल के स्टाफ ने मिलकर स्कूल परिसर में पौधारोपण किया और सभी को खाली स्थान में पौधे लगाने के लिए प्रेरित करते हुए इनकी देखभाल का संकल्प संकल्प भी दिलाया।

## एसडीएम ने लिया जायजा, मंडी का पानी पंप लगाकर निकलवाया जाएगा

# एक घंटे की बारिश में शहर की सड़कें बनी तालाब, लोग परेशान



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

नगर का सीवेज सिस्टम सही नहीं होने के कारण बरसात के दिनों में पानी निकासी की समस्या का सामना शहर वासियों को करना पड़ता है। सोमवार को 1 घंटे की झमाझम बारिश में मुख्य बाजार से लेकर पुरानी बस स्टैंड, मुख्य बाजार, कस्टम पथ नयापुरा नई बस्ती कृषि उपज मंडी सहित कई मोहल्लों में तथा मुख्य सड़कों पर घुटनों घुटनों से ऊपर पानी बह रहा था नालियों की गंदगी भी सड़क पर ही तैर रही थी मजबूरी में लोगों इसी पानी के बीच लोग आज आ रहे थे इसके कारण कई दो पहिया वाहन बंद हो रहे थे महिला और बच्चों को और भी ज्यादा परेशानी हो रही थी मंडी के मुख्य गेट पर घुटनों घुटनों से ज्यादा पानी भरने से बड़े वाहन चालकों को भी परेशानी हो रही थी । समय रहते मुख्य नगर पालिका अधिकारी के द्वारा पानी निकासी की समस्या को लेकर शहर का भ्रमण नहीं किया गया और ना ही कोई इंतजाम किए गए इस वजह से इस तरह के हालात निर्मित हुए हैं। निचली बस्तियों में रहने वाले लोगों के घरों में भी पानी भर गया। कई दिनों के इंतजार के बाद दोपहर के बाद झमाझम बारिश होने से गर्मी एवं उमस से जरूर लोगों को राहत मिला गई इस तरह की बारिश कई घंटे होनी चाहिए तब जाकर डैम के पानी में वृद्धि होगी और गर्मी से भी मुक्ति मिलेगी अभी उमस से राहत नहीं मिल पा रही है। किसानों के जरूर चेहरे खिल गए बारिश होने के बाद कचरा मार दवा डालने की तैयारी में जुट गए इस वजह से दवाई की दुकानों पर भारी भीड़ लगी हुई थी। दवा डालने के पंप ठीक करवाने बाद नए यंत्र खरीदने का काम भी किसानों के द्वारा किया जा रहा है।



## नगर की समस्या के लिए बनाई टीम

खबर को संज्ञान में लेते हुए एसडीएम ने पहले ही पानी निकासी की समस्या को दूर करने के लिए ठोस कार्य करने की बात की थी रहवासियों के हित में सोमवार को कदम उठाते हुए एक स्वयं के निर्देशन में टीम का गठन किया गया जिसमें मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका स्वास्थ्य अधिकारी, इंजीनियर तथा संबंधित वार्ड के पार्षद को साथ लेकर एसडीएम प्रतिदिन तीन से चार वार्डो मैं निरीक्षण करेंगे और लोगों से उनकी समस्याओं की जानकारी लेकर दूर करने का कार्य किया जाएगा बरसात में प्राथमिक रूप से नाले नालियों की सफाई के साथ पानी निकासी की समस्या हो रही है उसका समाधान भी मौके पर ही करवाने का कार्य किया इसके लिए मंगलवार से टीम लगातार शहर का भ्रमण करेगी एसडीएम के द्वारा स्वयं भी जायजा लिया जाएगा लगातार शहर के विभिन्न मोहल्लों से पानी निकासी की समस्या की शिकायत है सामने आ रही है। बरसात के दिनों में पानी नहीं निकलने के कारण लोगों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है घर में पानी भरने के साथ जीव जंतु भी इनके घरों में प्रवेश कर जाते हैं। इसको लेकर टीम गठित की गई अब देखना है की धरातल पर टीम कितना कार्य करेगी और बरसात के दिनों में पानी निकासी की समस्या से रहवासी जूझ रहे हैं उनको मुक्ति मिल पाएगी या नहीं।

## पुरानी मंडी का पानी पंप से निकलवाया जाएगा

बारिश के बाद मंडी के पुराने परिसर में पानी भर जाने से व्यापारियों से लेकर किसानों को भी समस्या हो रही थी जिसका जायजा लेने के लिए एसडीएम हर्षल चौधरी मुख्य नगर पालिका अधिकारी पवन कुमार शर्मा को लेकर मौके पर पहुंचे और यहां पर भरने वाले पानी को निकलवाने के लिए क्या इंतजाम हो सकते हैं उसके संबंध में चर्चा की इसके बाद उन्होंने मौके पर ही प्रभारी मंडी सचिव रमेश कुमार को निर्देश देते हुए कहा कि पंप लगाकर पाइप डालें और नाले में इसका पानी निकालने के लिए इंतजाम किए जाएं एक गड्ढा बना ले उसमें पानी एकत्रित हो जाएगा जिसको पंप की सहायता से फेंकने का काम किया जाए बरसात के दिनों में पानी की समस्या के कारण व्यापारियों किसानों को परेशानी नहीं होनी चाहिए ।

### इनका कहना है

*मंडी के परिसर में पानी निकालने के लिए पंप लगवाने के निर्देश दिए उसकी सहायता से पानी निकलने का कार्य करेंगे।शहर में भी पानी निकासी जो समस्या आ रही है उसको दूर करने के लिए टीम बनाई गई है जो आज से टीम वार्डों में पहुंचकर काम करेगी शहर वासियों की समस्याओं को दूर किया जाएगा।*

***हर्षल चौधरी** एसडीएम ।*

**मेट्रो एंकर** | जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

# हॉट स्पॉट पर दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं: कलेक्टर

**रायसेन, दोपहर मेट्रो।**

जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्टर अरविंद दुबे की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। जिसमें उन्होंने जिले में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने, नागरिकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने हेतु किए जा रहे कार्यों और गतिविधियों की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर श्री दुबे ने निर्देश दिए कि हॉट स्पॉट के रूप में चिन्हित किए गए ऐसे स्थल जहां विगत वर्षों में सड़क दुर्घटना में अधिक मृत्यु या गंभीर रूप से घायल होने की घटनाएं हुई हैं, उन हॉट स्पॉट पर दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं। उन्होंने गत बैठक में दिए गए निर्देशों के पालन में की गई कार्यवाही की भी जानकारी ली।



कलेक्टर ने कहा कि सड़कों पर बैठने वाले पशुओं को हटाने के संबंध में पशुपालन विभाग द्वारा दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। इन पशुओं के मालिकों को समझाईश दी जाए तथा इसके उपरांत भी नहीं मानने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाए। साथ ही पशुओं को गौशालाओं में छोड़ा जाए। बैठक में कलेक्टर श्री दुबे तथा पुलिस अधीक्षक श्री विकास शहवाल द्वारा हॉट स्पॉट के रूप में चिन्हांकित किए गए अमरावद घाटी से लक्ष्मीदेवरी वेयरहाउस तक, देवनगर में एसबीआई बैंक से आस्तिक वेयरहाउस तक, बेगमगंज में एसबीआई से बस स्टैंड तक, बम्होरी में पुलिस थाना से कुण्डाली कोठारी मार्ग तक, बरेली में बाग पिपरिया, भौडिया बस स्टैंड बरेली, कोटपार चौराहा से कोटपार हायर सेकेण्डरी स्कूल, गौहरगंज बायपास सहित अन्य हॉट स्पॉट के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए सड़क दुर्घटनाओं को रोकने हेतु डिवाइडर, स्पीड ब्रेकर, रिफलेक्टर या संकेत चिन्ह लगाने सहित जरूरी कार्यवाही के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर ने जिले में ग्रामीण सड़कें जहां हाइवे या मुख्य सड़क से जुड़ती हैं, उस स्थान के पूर्व ग्रामीण सड़क पर ही स्पीड ब्रेकर बनाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने यात्री बसों और स्कूल बसों की जांच करने के भी निर्देश दिए। साथ ही स्कूल, कॉलजों तथा सार्वजनिक स्थलों पर यातायात नियमों तथा सड़क सुरक्षा संबंधी जागरूकता गतिविधियां आयोजित किए जाने के लिए भी कहा। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री विकास शहवाल ने नागरिकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने हेतु की जा रहीं गतिविधियों के बारे में अवगत कराया। उन्होंने बताया कि अधिकतर वाहनों की दुर्घटनाओं में चालक द्वारा हेलमेट नहीं पहनने, सीट बेल्ट नहीं लगाने के कारण मृत्यु या गंभीर चोट की स्थिति बनती है। इसके दृष्टिगत जनजागरूकता अभियान चलाकर नागरिकों को समझाईश दी जा रही है। इसके बाद भी नियमों का पालन नहीं करने वालों के विरूद्ध मोटरयान अधिनियम के तहत सख्ती से कार्यवाही भी की जा रही है। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू पवन भदौरिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री कमलेश कुमार सहित जिला अधिकारी उपस्थित रहे।



# चैंपियन अल्कारेज लगातार 11वीं जीत से क्वार्टरफाइनल में

## महिला एकल अंतिम-16 में बनाई जगह

**लंदन, एजेंसी**

मौजूदा चैंपियन स्पेनिश खिलाड़ी कार्लोस अल्कारेज ने यहां खेले जा रहे साल के तीसरे ग्रैंड स्लेम विम्लबडन के क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली है। तीसरी वरीय अल्कारेज ने ग्रैंड स्लेम में लगातार 11वीं जीत दर्ज की और अंतिम-16 में फ्रांस के 16वीं वरीय खिलाड़ी उगो हम्बर्ट को 6-3, 6-4, 1-6, 7-5 से शिकस्त दी। अब अगले दौर में अल्कारेज का सामना रोबर्ट बुतिस्ता अगुत और टॉमी पॉल के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। इस बीच, टॉप सीड इटालियन खिलाड़ी जेनिक सिनर ने भी अंतिम आठ में जगह बनाई। उन्होंने अमरीकी खिलाड़ी बेन शेल्टन को 6-2, 6-4, 7-6 से मात दी।

### जोकोविच की पोपिरिन पर तीसरी जीत

सात बार के पूर्व चैंपियन नोवाक जोकोविच ने प्री-क्वार्टरफाइनल में कुल 15वीं बार जगह बनाई। दूसरी वरीय सर्बियाई खिलाड़ी ने तीसरे दौर में ऑस्ट्रेलिया के गैरवरीय एलेक्सी पोपिरिन 4-6, 6-3, 6-4, 7-6 से शिकस्त दी। जोकोविच ने पोपिरिन के खिलाफ अजेय रेकॉर्ड भी कायम रखा और लगातार तीसरी जीत दर्ज की।

### रिबाकिना-कोलिंस का जीत के साथ सफर जारी

कजाकिस्तान की चौथी वरीय खिलाड़ी एलेना रिबाकिना और अमरीका की 11वीं वरीय डेनिएला कोलिंस ने आसान जीत के साथ विम्बलडन के महिला एकल के अंतिम-16 में अपनी जगह पक्की कर ली है। रिबाकिना ने डेनमार्क की अनुभवी कैरोलिना वोज्नियाकी को 6-0, 6-1 से करारी शिकस्त दी। वहीं, कोलिंस ने ब्राजील की 20वीं वरीय ब्रीटिज हदाद मैया को 6-4, 6-4 से हराया।

### स्विटेक को हराकर खुश हैं पुतिनत्सेवा

दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी और टॉप सीड इगा स्विटेक को हराने के बाद कजाकिस्तान की यूलिया पुतिनत्सेवा बेहद खुश हैं। पहली बार विम्बलडन के चौथे दौर में जगह बनाने वाली पुतिनत्सेवा ने कहा, मैं काफी अच्छा महसूस कर रही हूं। अब मेरी कोशिश यही लय कायम रखने पर है।




# पेरिस ओलिंपिक में पीवी सिंधु और शरत कमल थामेंगे तिरंगा

## मैरी कॉम की जगह गगन नारंग को शेफ-डी-मिशन बनाया; भारतीय हॉकी टीम रवाना

**नईदिल्ली, एजेंसी**

बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु और टेबल टेनिस स्टार शरत कमल को पेरिस ओलिंपिक 2024 में ध्वजवाहक बनाया गया है। साथ ही, 2012 के ब्रॉन्ज मेडलिस्ट निशानेबाज गगन नारंग को पेरिस में होने वाले आगामी इवेंट के लिए मैरी कॉम की जगह शेफ-डी-मिशन के रूप में पद दिया गया है। इंडियन ओलिंपिक एसोसिएशन अध्यक्ष डॉ. पी. टी. उषा ने कहा की 41 साल के गगन नारंग को डिप्टी शेफ-डी-मिशन से प्रमोट करके चीफ शेफ-डी-मिशन का पोस्ट दिया गया हैं। कुछ समय पहले मैरी कॉम ने अपनी स्वेच्छा से शेफ-डी-मिशन के पद से इस्तीफा दिया था। उन्होंने आगे कहा की मैरी के इस्तीफा देने के बाद ही हम सब इंडिया को लीड करने के लिए एक ओलिंपिक मेडलिस्ट की तलाश कर रहे थे।






### गर्व है सिंधु ने भारत के लिए 2 मेडल जीते- पीटी उषा

पीटी उषा ने कहा कि मुझे गर्व महसूस होता है कि पीवी सिंधु ओलिंपिक्स भारत के लिए 2 मेडल जीतने वाली एकमात्र प्लेयर हैं। पेरिस ओलिंपिक्स की ओपनिंग सेरेमनी में सिंधु भारत के लिए ध्वजवाहक होंगीं, उनके साथ टेबल टेनिस स्टार शरथ कमल भी होंगे। पीवी सिंधु ने रियो 2016 में सिल्वर और टोक्यो 2021 में ब्रॉन्ज मेडल जीता था। ओलिंपिक में प्रदर्शन को लेकर उषा ने कहा कि पेरिस 2024 में मैं कॉन्फिडेंट हूं की हमारे प्लेयर पूरी तरीके से तैयार हैं। वे शानदार परफॉर्म करेंगे।

### यूरो कप 2024 : स्विस टीम को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया

# इंग्लैंड ने चौथी बार पेनल्टी शूटआउट जीता

**डसलडोर्फ(जर्मनी), एजेंसी**

जीत की लय कायम रखते हुए इंग्लैंड की टीम ने यहां खेले जा रहे यूरो कप 2024 के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। इंग्लैंड ने क्वार्टरफाइनल में स्विट्जरलैंड को पेनल्टी शूटआउट में 5-3 से शिकस्त दी और लगातार दूसरी बार अंतिम चार में जगह बनाई। खास यह है कि इंग्लैंड की टीम ने फुटबॉल इतिहास में सिर्फ चौथी बार पेनल्टी शूटआउट मुकाबला जीता है। इसमें से दो बार उसने स्विस टीम को ही मात दी है। इंग्लैंड ने स्विट्जरलैंड को 2019 यूएफा नेशंस लीग में भी पेनल्टी शूटआउट में हराया था। स्विस टीम किसी मेजर टूर्नामेंट में पांचवीं बार क्वार्टरफाइनल की बाधा पार नहीं कर सकी। इससे पहले, स्विट्जरलैंड को तीन बार फीफा विश्व कप और दो बार यूरो कप के अंतिम आठ में हार झेलनी पड़ी है।



## मेट्रो बाजार

# आयुष्मान भारत योजना में बीमा कवरेज 10 लाख प्रति वर्ष होने की उम्मीद

**नईदिल्ली, एजेंसी**

23 जुलाई को पेश होने वाले बजट में सरकार आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोज्य योजना यानी एबी-पीएमजेएवाई के तहत बीमा कवरेज को 5 लाख रुपए से बढ़ाकर 10 लाख रुपए करने की तैयारी में है। सूत्रों ने कहा कि सरकार शुरुआत में 70 साल से अधिक उम्र के सभी लोगों को इसके दायरे में लाने पर मंथन कर रही है, जिसका जिक्र राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने संसद में अपने अभिभाषण में किया था। केंद्र सरकार इस योजना के लाभार्थियों की संख्या 3 साल में दोगुना करने की तैयारी में है। यदि इन प्रस्तावों को मंजूरी दी जाती है तो सरकारी खजाने पर प्रति वर्ष 12,076 करोड़ का अतिरिक्त खर्च आएगा। एबी-पीएमजेएवाई के तहत लाभार्थियों की संख्या दोगुना करने से देश की दो-तिहाई आबादी को स्वास्थ्य कवर मिलेगा। लोगों को कर्ज के दलदल में धकेलने वाले बड़े कारणों में इलाज पर होने वाला मोटा खर्च शामिल है। 2024-25 के आम बजट में इन प्रस्तावों या इसके कुछ हिस्सों की घोषणा होने की उम्मीद है। फरवरी में पेश वर्ष 2024-25 के अंतरिम बजट में सरकार ने 'एबी-पीएमजेएवाई' के लिए 30 फीसदी देश की स्वास्थ्य बीमा से वंचित, नीति आयोग की ओर से अक्टूबर 2021 में प्रकाशित रिपोर्ट के मुताबिक हेल्थ इंश्योरेंस पर टैक्स छूट बढ़ाने की मांग। इंश्योरेंस कंपनियों ने केंद्र सरकार से हेल्थ इंश्योरेंस के प्रीमियम पर मिलने वाली टैक्स छूट बढ़ाने की मांग की है। अभी इनकम टैक्स की पुरानी व्यवस्था में कोई भी व्यक्ति सेक्शन 80डी के तहत हेल्थ इंश्योरेंस के प्रीमियम पर 25,000 रुपए तक का डिडक्शन क्लेम कर सकता है।




# चालू खरीफ सीजन: धान की बुवाई का रकबा 19.35 फीसदी बढ़ा, दलहन में करीब 55% की तेज बढ़ोतरी

**नईदिल्ली, एजेंसी**

कृषि मंत्रालय की सोमवार को जारी रिपोर्ट के मुताबिक, दालों की बुवाई का रकबा भी 8 जुलाई, 2024 तक एक साल पहले की समान अवधि के 23.78 लाख हेक्टेयर से 54.79 फीसदी बढ़कर 36.81 लाख हेक्टेयर पहुंच गया। धान की धीमी बुवाई को पिछले 10 दिन से हो रही बारिश ने बूस्टर डोज दे दिया है। इसलिए, धान की बुवाई का रकबा चालू खरीफ सीजन 2024-25 में 19.35 फीसदी बढ़कर 59.99 लाख हेक्टेयर पहुंच गया है। एक साल पहले की समान अवधि में यह रकबा 50.26 लाख हेक्टेयर था। कृषि मंत्रालय की जारी रिपोर्ट के मुताबिक, दालों की बुवाई का रकबा भी 8 जुलाई, 2024 तक एक साल पहले की समान अवधि के 23.78 लाख हेक्टेयर से 54.79 फीसदी बढ़कर 36.81 लाख हेक्टेयर पहुंच गया। इस अवधि में अरहर की बुवाई का रकबा भी 4.09 लाख हेक्टेयर से पांच गुना बढ़कर 20.82 लाख हेक्टेयर पर पहुंच गया। मंत्रालय के मुताबिक, चालू खरीफ सीजन में कुल बुवाई का रकबा 14 फीसदी बढ़कर 378.72 लाख हेक्टेयर पहुंच गया। एक साल पहले की समान अवधि में यह 331.90 लाख हेक्टेयर था। वहीं, तिलहन की बुवाई का रकबा भी बढ़कर 80.31 लाख हेक्टेयर पहुंच गया।

### एशियाई डबल्स स्क्वैश चैंपियनशिप : खिलाड़ियों का दमदार प्रदर्शन

# अभय ने भारत को दिलाई 'दोहरी खुशी' पुरुष व मिक्स्ड डबल्स में जीता खिताब

**जोहोर (मलेशिया), एजेंसी**

भारतीय स्क्वैश खिलाड़ी अभय सिंह ने रविवार को यहां शानदार प्रदर्शन करते हुए एशियाई डबल्स स्क्वैश में दो खिताब अपने नाम किए। वेलावन सेंथिल संग जीता पुरुष युगल खिताब जीता। एशियाई खेलों के पदकधारी अभय सिंह ने वेलावन सेंथिल कुमार के साथ पुरुष युगल का खिताब जीता। शीर्ष वरीय भारतीय जोड़ी ने फाइनल में दूसरी वरीय मलेशियाई जोड़ी ओंग साई हंग और सियाफिक कमाल को 11-4, 11-5 से शिकस्त दी।

**जोशना संग जीता मिश्रित युगल खिताब :** अभय सिंह ने पुरुष युगल के बाद मिश्रित युगल के फाइनल में भी दमदार प्रदर्शन किया। उन्होंने देश की शीर्ष महिला खिलाड़ी जोशना चिनप्पा के साथ हांगकांग की टोंग त्सज विंग और तांग मिंग होंग को कड़े मुकाबले में 11-8, 10-11, 11-5 से शिकस्त दी और खिताब जीत लिया।




### एथलेटिक्स: चुनौती पेश करेंगे

# जेस्विन एल्ड्रिन और अंकिता को भारतीय टीम में मिली जगह

**नईदिल्ली, एजेंसी**

भारत के लॉन्ग जंपर जेस्विन एल्ड्रिन और 5000 मीटर की धाविका अंकिता ध्यानी ने रविवार को वर्ल्ड रैंकिंग कोटा के जरिए पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर लिया है। दोनों को भारतीय एथलेटिक्स टीम में शामिल किए जाने के बाद सदस्यों की बढ़कर 30 हो जाएगी। दरअसल, क्वालीफाई करने के बावजूद विभिन्न कारणों से कई भारतीय एथलीट पेरिस ओलंपिक में हिस्सा नहीं ले सकेंगे। इसकी जानकारी राष्ट्रीय महासंघ की ओर से अंतरराष्ट्रीय निकाय दी गई। इसके बाद विश्व एथलेटिक्स ने ताजा सूची प्रकाशित की, जिसमें एल्ड्रिन और अंकिता का नाम था।

**मनोरंजन** **बॉलीवुड का कोना**

# दर्शन कुमार 'द कश्मीर फाइल्स' के बाद फिर 'आरएमसीएस' में आएंगे नजर

फिल्म द कश्मीर फाइल्स में अपनी अदाकारी से लोगों के दिलों में खास जगह बनाने वाले अभिनेता दर्शन कुमार अपनी अनोखी भूमिकाओं के लिए जाने जाते हैं। वह जल्द ही फिल्म राजा मंत्री चोर सिपाही (आरएमसीएस) नाम की फिल्म में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म में वह एक ग्रे शेड किरदार में दिखेंगे। फिल्म का निर्देशन गेब्रियल वत्स ने किया है। फिल्म में दर्शन कुमार एक बेहद फैशनेबल व्यक्ति का किरदार निभा रहे हैं। इस फिल्म की पूरी कहानी उन्हीं के इर्द-गिर्द घूमेगी। हाल ही में फिल्म के निर्माताओं ने इसकी रिलीज की तारीख की घोषणा की। फिल्म को लेकर अपना उत्साह व्यक्त करते हुए दर्शन कुमार ने कहा, मैं इस फिल्म से जुड़कर गर्व मसहूस कर रहा हूं, क्योंकि इस फिल्म की वजह से मुझे अलग तरह की भूमिका में अपने आपको खोजने का मौका मिला। मैं पूरी उम्मीद के साथ कह सकता हूं कि मेरा किरदार लोगों को पसंद आएगा और यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन करेगी। गेब्रियल वत्स के साथ काम करना सचमुच एक अलग अनुभव था। आरएमसीएस की कहानी काफी अलग है, इस वजह से लोगों को इसे जरूर देखना चाहिए। निर्देशक गेब्रियल वत्स ने फिल्म को लेकर कहा कि फिल्म में दर्शन कुमार का किरदार एक परेशान युवक का है। उन्होंने कहा, मैं फिल्म की कहानी के बारे में ज्यादा कुछ नहीं बता सकता, लेकिन दर्शन का किरदार वाकई अलग है। आरएमसीएस की कहानी एक पुनर्वास केंद्र में दी जा रही यातना के इर्द गिर्द बुनी गई है। साथ ही, उन्होंने बताया कि फिल्म की कहानी काफी रोचक है। फिल्म आरएमसीएस को टी एंड पोएट्री फिल्म्स बैनर के तहत नीरज शर्मा और सीमा सैनी बना रहे हैं। सीमा सैनी ने इसकी कहानी और पटकथा लिखी है। वहीं, इसका संगीत संजय बोस और सीमा सैनी ने तैयार किया है। लोगों को फिल्म के गाने शाहिद माल्या, नक्काश अजीज, देव नेगी, ब्रिजेश शांडिल्या, प्रतिभा सिंह बघेल और दिवगंत सिंगर केके की आवाज में सुनने को मिलेंगे। यह एक पैन इंडिया फिल्म होगी जिसे हिंदी के साथ-साथ तमिल, तेलुगु भाषाओं में भी रिलीज किया जाएगा।



# फिल्मों में दोस्ती दिखाए जाने पर वरुण ने कहा- सबसे मजबूत भावनाओं में से एक



फिल्म 'वाइल्ड वाइल्ड पंजाब' के लिए चर्चा में हैं, जो दोस्तों के एक ग्रुप की कहानी है। अभिनेता ने हाल में ही ऐसी फिल्मों में दोस्ती दिखाए जाने की जरूरत को लेकर बात की है। वरुण शर्मा अपनी कॉमेडी फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने फिल्मों में लगातार हास्य किरदार निभाए हैं, जिसे दर्शकों ने काफी पसंद भी किया है। उन्हें फुकरे फेंचाइजी और छिछोरे जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है। हाल में ही उन्होंने कॉमेडी फिल्मों में किरदारों की दोस्ती दिखाए जाने को लेकर बात की है। उन्होंने कहा कि दोस्ती कॉमेडी फिल्मों के लिए काफी सामान्य सी आवश्यकता है, क्योंकि यह सबसे मजबूत भावनाओं में से एक है, जिसे कोई भी इंसान अनुभव कर सकता है।

### दोस्ती जिंदगी की सबसे मजबूत भावनाओं में से एक

वरुण ने आगे कहा कि दोस्ती वाली फिल्में काफी आकर्षक होती हैं। यह हमारी जिंदगी की सबसे मजबूत भावनाओं में से एक है। यह प्यार की भावना से भी ज्यादा मजबूत भावना होती है। उन्होंने आगे कहा, साल 2011 प्यार का पंचनामा में दोस्ती का एक नया नजरिया दिखाया गया था। इसके बाद आई फुकरे हो या छिछोरे सभी फिल्मों में दोस्ती और इसका पागलपन दिखाया गया, जो मडगांव से लेकर क्रू तक जारी है। उन्होंने इसमें जोड़ते हुए कहा कि मंजुम्मेल ब्वॉय्ज और आवेशम जैसी साउथ की फिल्मों में भी दोस्ती के विषय को ही दिखाया गया था।

### वाइल्ड वाइल्ड पंजाब के लिए हैं चर्चा में

वरुण इन दिनों अपनी फिल्म वाइल्ड वाइल्ड पंजाब के लिए चर्चा में हैं। इसमें वरुण शर्मा, सनी सिंह, मनजोत सिंह और जस्सी गिल ने मुख्य भूमिका निभाई हैं। इनके अलावा पत्रलेखा और इशिता राज भी अभिनय करती हुई नजर आएंगी। अभिनेता वरुण शर्मा, खन्ने का किरदार अदा कर रहे हैं। फिल्म नशे में धुत लड़कों की कहानी है, जो अपने दोस्त के ब्रेकअप का बदला लेने की ठानते हैं। इसके लिए वो उसकी पूर्व प्रेमिका की शादी में खलल डालने का फैसला करते है।

# इमरान ने कहा- ट्रोलिंग को गंभीरता से लेने की जरुरत नहीं



फिल्मी सितारों के लिए ट्रोलिंग कोई नई चीज नहीं है। आए दिन सितारों को ट्रोलिंग का सामना करना पड़ता है। सोशल मीडिया इनके लिए दो धारी तलवार के जैसे काम करता है, जहां एक तरफ इसकी वजह से वो अपने फैंस से सीधा जुड़ पाते हैं। वहीं, दूसरी तरफ इसकी वजह से कई बार उन्हें ट्रोलिंग जैसी चीजों से भी दो चार होना पड़ता है। अब इस पर हिंदी सिनेमा के मशहूर कलाकार इमरान हाशमी ने भी बयान दिया है। उन्होंने कहा कि ये अभी एक वास्तविक सच्चाई है और इसे लोगों को मानने की जरुरत है। इसे बहुत ज्यादा गंभीरता से भी लेने की आवश्यकता नहीं है। इस पर विस्तार से बात करते हुए अभिनेता ने कहा कि उन्हें लगता है कि इसे लेकर दो तरह की सोच मौजूद है। कुछ अभिनेता अपनी जिंदगी की सभी चीजों को सार्वजनिक करना पसंद करते है। वहीं, कुछ अभिनेता अपनी निजी जिंदगी को निजी रखना पसंद करते हैं और वो भी इसमें ही विश्वास करते हैं। ऐसे में हो सकता है कि कई बार उन्हें अपनी निजता में दखलअंदाजी महसूस होती है। अभिनेता ने आगे कहा कि उनके लिए कभी ऐसी स्थिति नहीं आई,जब उन्हें चीजें दखलअंदाजी जैसी लगी हों। उन्होंने कहा कि उनसे मीडिया भी काफी विनम्र रही है। अभिनेता ने आगे कहा कि वह इस पर ज्यादा ध्यान नहीं देते कि सोशल मीडिया पर उनके लिए कौन क्या कह रहा है। हालांकि, इस दौरान उन्होंने माना कि ट्रोलिंग एक वास्तविकता है। उन्होंने कहा कि शायद कुछ लोग ऐसे भी हैं, जो आलोचना करना पसंद करते हैं। उनके अपने जीवन में शायद कई परेशानियां हैं या कभी-कभी उनके जीवन में कुछ बुरा होता है और वह सोशल मीडिया पर दूसरों को निशाना बनाते हैं। उनके लिए कलाकार सबसे आसान लक्ष्य होते हैं।

### वेब सीजर में आएंगे नजर

बात करें इमरान के वर्क फ्रंट की तो वह जल्द ही 'शो टाइम' वेब सीरीज में नजर आने वाले हैं। इस शो के माध्यम से दर्शक बॉलीवुड की ग्लैमरस दुनिया में गोता लगा पाएंगे। इसमें इंडस्ट्री में चकाचौंध भरे स्टारडम से लेकर लेकर वास्तिवकता तक, कलाकार के संघर्ष से सफलता तक सब कुछ देखने को मिलेगा। शो टाइम के सभी एपिसोड 12 जुलाई से डिज्नी+ हॉटस्टार पर रिलीज किए जाएंगे। इस सीरीज को सुमित रॉय द्वारा बनाया गया है। मिहिर देसाई और अर्चित कुमार ने इसे निर्देशित किया है। इसमें इमरान हाशमी, महिमा नजर आने वाले हैं।

## गंभीर रूप से घायल करने बदमाशों को दिए थे दस हजार रुपए

# खुलासा: सराफा कारोबारी पर जानलेवा हमला करने पूर्व कर्मचारी ने दी थी सुपारी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

कोहेफिजा पुलिस ने करीब डेढ़ माह पूर्व ईसाई कब्रिस्तान के पास सराफा कारोबारी पर चाकू व तलवार से किए गए जानलेवा हमले का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में कुल छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें से एक आरोपी पूर्व कर्मचारी है जो सराफा कारोबारी से अपने अपमान का बदला लेना चाहता था। उसने बदमाशों को दस हजार रुपए की सुपारी दी थी कि वे सराफा कारोबारी को गंभी रूप से घायल कर दें जबकि बदमाशों का कहना है कि इलाके में अपना वर्चस्व कायम करने सुपारी लेकर वारदात को अंजाम दिया था।

पुलिस के मुताबिक बैरागढ़ निवासी जितेन्द्र वलेछा सराफा कारोबारी हैं। विगत एक जून की रात करीब दस बजे अपनी दुकान बंद कर बैग में सामान लेकर घर जा रहे थे। उसी दौरान ईसाई कब्रिस्तान के पास चलती गाड़ी पर दो मोटरसाइकिलों पर सवार अज्ञात बदमाशों ने धारदार हथियारों से हमला बोल दिया था। उनकी गर्दन व हाथ पर गंभीर चोटें आई थीं। वारदात को अंजाम देकर बदमाश भाग खड़े हुए थे। पुलिस ने इस मामले में हत्या का प्रयास का प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की खोजबीन शुरू कर दी। विवेचना के दौरान पुलिस ने फरियादी की दुकान से उनके घर के बीच लगे करीब 125 प्राइवेट व सरकारी सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल मारे। तकनीकी माध्यम से फुटेज में आए हुलिए के संदिग्धों के मोबाइल नंबरों की सीडीआर निकलवाकर जांच की गई और संदेह के आधार पर समीर खान (25) निवासी मोती महल मस्जिद के पास कोतवाली, उजैर खान उर्फ हबीब (22) निवासी लालघाटी चौराहा के पास कोहेफिजा, अबरेज उर्फ बाबर (22) निवासी इस्लामी गेट, यासीन अली उर्फ अमान (23) निवासी जहांगीरिया स्कूल के पास इब्राहिमपुरा व अब्बास रजा (19) निवासी पीरगेट लखेरापुरा को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। आरोपियों ने वारदात को अंजाम देना कुबूल कर लिया।

### सराफा कारोबारी के कर्मचारी ने दी थी 10 हजार की सुपारी



थाना प्रभारी बृजेन्द्र मर्सकोले ने बताया कि सराफा कारोबारी जितेन्द्र वालेछा के पास सुनील सोनी (56) निवासी कौशल अपार्टमेंट तलैया, काम करता था। उसी दौरान दोनों के बीच विवाद हो गया था। विवाद के चलते सराफा कारोबारी ने सुनील सोनी को काम से निकाल दिया था। उसी का बदला लेने के लिए सुनील सोनी ने उक्त आरोपियों को सराफा कारोबारी को गंभीर रूप से घायल करने के लिए दस हजार रुपए की सुपारी दी थी। पुलिस ने आरोपी सुनील सोनी को भी गिरफ्तार कर लिया है।

## ट्रैवल्स संचालक से शराब के लिए अड़ीबाजी, कार में तोड़फोड़

# शराब दुकान मैनेजर से शराब मांगी, नहीं देने पर की तोड़फोड़

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** राजधानी के कमला नगर थाना क्षेत्र में लगातार अड़ीबाजी की घटनाएं हो रही है। यहां निगरानी बदमाश और खुद को इलाके के गुंडे बताकर बदमाश अड़ीबाजी की घटनाएं कर रहे हैं। अधिकतर घटनाओं में फरियादी पुलिस तक पहुंच ही नहीं रहे हैं। हालांकि क्रमश-6 और 7 जुलाई को शराब दुकान मैनेजर और टैवल्स संचालक के साथ हुई अड़ीबाजी की शिकायत फरियादी ने थाने पहुंचकर की है।

पुलिस के अनुसार राघवेन्द्र सिंह राजपूत पिता मृदुल सिंह राजपूत (25) प्रियंका नगर कोलार में रहते हैं। उनहोंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि वह ट्रेवल्स का काम करते हैं। रविवार सुबह वह कोलार से अपनी कार को धुलवाने के लिए यश ठाकुर के साथ शबरी नगर कार वाशिंग सेंटर धुलवाने पहुंचे थे। वे कार धुलवा रहे थे, तभी विनय मौरे आया और एक हजार रुपए शराब पीने के लिए मांगने लगा। राघवेंद्र ने कहा कि अभी पैसे नहीं है तो विनय गालियां देने लगा। इसी बीच विनय का दोस्त लक्की राजपूत पहुंचा और उसने विनय को समझाइश देने की कोशिश की, लेकिन विनय एक हजार रुपए लेने के लिए अड़ा हुआ था। राघवेंद्र पैसे नहीं होने का कहकर उसे टालता रहा। पैसे नहीं देने से नाराज आरोपी विनय मौरे ने पत्थर उठाकर कंडक्टर साइड के खिड़की के दोनों कांच तोड़ दिए।

### शराब दुकान पर अड़ीबाजी तोड़फोड़



इसी थाना क्षेत्र में नेहरू नगर चौराहा पर तीन बदमाशों ने शराब की दुकान में पहुंचकर शराब देने की अड़ीबाजी की। फ्री में शराब मांगने लगे। मैनेजर रामदास प्रजापति ने उन्हें उधार और फ्री में शराब देने से मना किया तो वह भड़क गए और दुकान में तोड़फोड़ कर दी। पुलिस के अनुसार रामदास प्रजापति नेहरू नगर चौराहा स्थित शराब दुकान में मैनेजर हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि साहिल रिजवान और लालू गत 6 जुलाई की रात दुकान पहुंचे और उनसे शराब के लिए अड़ीबाजी करने लगे। मैनेजर ने कहा कि सेठ का हिसाब देना पड़ता है और वह फ्री में शराब नहीं दे सकेगा। इस पर आरोपी कहने लगे कि उधार में शराब दे दे। रामदास ने उन्हें केवल नगद शराब देने की बात कही तो वह भड़क गए और दुकान में तोड़फोड़ शुरू कर दी।

### इधर, बागसेवनिया में भी अड़ीबाजी

इधर बागसेवनिया में भी बदमाशों ने एक युवक से अड़ीबाजी करते हुए मारपीट कर दी। पुलिस ने पुरूषोत्तम जैन की शिकायत पर नामजद आरोपी और उसके साथियों के खिलाफ अड़ीबाजी मारपीट समेत अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि बागसेवनिया निवासी पुरूषोत्तम जैन ने बताया कि रविवार -सोमवार की दरमियानी रात करीब सवा 12 बजे वह बीयू गेट नंबर तीन के पास से गुजर रहे थे, तभी आरोपी लक्की और उसके साथियों ने रोक लिया और रुपए मांगने लगे। पुरूषोत्तम जैन ने कहा कि उसके पास रुपए नहीं है तो आरोपियों ने उसकी तलाशी ली और उसके साथ मारपीट कर दी।

# विदेशी जीवों का पंजीयन कर दूसरे राज्यों में बेचने वाले तस्कर की जमानत याचिका खारिज

### मप्र एसटीएसएफ की आपत्ति पर जमानत याचिका खारिज



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

विदेशी जीवों की तस्करी करने वाले यूपी के तस्कर उत्कर्ष अग्रवाल की जमानत याचिका नामंजूर हो गई है। तस्कर पर 40 से अधिक जीवों की तस्करी अलग-अलग राज्यों में करने के आरोप है, वह इसके लिए फर्जी दस्तावेज और आईडी का उपयोग करता था, जिनके जरिए विदेशी जीवों को रजिस्र्ड बताकर उनका अवैध व्यापार करता था। स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स (एसटीएसएफ) ने उसे पिछले दिनों बुलंद शहर से गिरफ्तार किया था। तस्कर ने विदेशी जीवों को रजिस्र्ड बनाने का कारनामा परिवेश पोर्टल 1.0 व 2.0 का उपयोग कर किया था। वह पहले उक्त जीवों के फर्जी और कूटरचित दस्तावेज तैयार करता था और फिर उन्हें फर्जी ईमेल आईडी बनाकर उक्त पोर्टल पर रजिस्र्ड करने के लिए अपलोड करता था। ऐसा करके वह खरीदने वालों को बताता था कि ये जीव पंजीकृत है और इन्हें खरीदने में कोई दिक्कत नहीं होगी। वह रजिस्र्ड के नाम पर उक्त जीवों को कई गुना बढ़े हुए दामों पर बेचता था लेकिन एसटीएसएफ ने उसकी करतूतें देवास में पकड़ाए कुछ जीवों की जप्ति के बाद पकड़ ली थी। सूत्रों के मुताबिक तस्कर ने यूपी में रहकर मप्र के अलग-अलग शहरों में जीवों की तस्करी कराई थी एसटीएसएफ इस पूरे मामले की जांच कर रहा है।

**विदेशी जीवों का पंजीयन जरूरी:** मप्र वन विभाग के अनुसार विदेशी जीवों का पंजीयन परिवेश पोर्टल 2.0 पर 31 अगस्त तक कराना होगा। यह खरीदने और बेचने वाले दोनों के लिए अनिवार्य है। उक्त पंजीयन के बिना इन विदेशी जीवों को रखने वालों के खिलाफ वन्यप्राणी अधिनियमों के तहत कार्रवाई की जाएगी।

# पुलिया से नाले में गिरा शराबी इलाज के दौरान हो गई मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

स्टेशन बजरिया थाना क्षेत्र स्थित खुशीपुरा में सीवेज के नाले में गिरने से एक युवक की मौत हो गई। दरअसल, युवक शराब के नशे मेंड़था और रविवार को वह पुलिया पर बैठे-बैठे नाले में गिर गया। परिजन उसे हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंचे थे, वहां इलाज के दौरान सोमवार रात उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है। आज पीएम के बाद परिजन को शव सौंपा जाएगा। पुलिस के अनुसार राजू बाथम पिता जगदीश बाथम (28) खुशीपुरा, स्टेशन बजरिया में रहता था। वह सफाईकर्मी था और शराब पीने का आदी था। परिजन ने बताया कि रविवार को वह शराब के नशे में इलाके में घूम रहाड़था और पुलिया पर बैठ गया। कुछ परिचितों ने बताया था कि पुलिया से वह नाले में सीवेज के पानी में गिर गया है। परिजन मौके पर पहुंचे और उसे नाले से बाहर निकालकर हमीदिया अस्पताल ले गए थे। हमीदिया अस्पताल में उसका इलाज चल रहा था। सोमवार रात उसकी तबीयत बिगड़ने पर मौत हो गई।

**घायल युवक की मौत:** डिपो चौराहा पर बाइक फिसलने से घायल हुए युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार विनोद पिता मदनलाल (34) नया बसेरा कोटरा सुल्तानाबाद में रहताड़था और प्राइवेट काम करता था। गत 6 जुलाई की शाम वह किसी काम से घर सो बाइक लेकर निकला िाा। डिपो चौराहा पहुंचने पर उसकी बाइक फिसल गई। बाइक फिसलने से उसे गंभीर चोट आई थी।

# ड्राइविंग लाइसेंस रिन्यू कराने के नाम पर महिला के खाते से उड़ाए डेढ़ लाख

### सायबर सेल ने जीरो पर केस दर्ज कर हबीबगंज भेजी डायरी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

हबीबगंज पुलिस ने एक महिला कर्मचारी की शिकायत पर अज्ञात सायबर जालसाज के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया है। ड्रायविंग लाइसेंस रिन्यू कराने के नाम पर आरोपी ने उनसे एक एप डाउनलोड कराया था। एप डाउनलोड करते ही उनके खाते से अलग-अलग समय में एक लाख 56 हजार 756 रुपए दो अनजान बैंक खातों में ट्रांसफर हो गए। महिला ने घटना की शिकायत सायबर सेल में थी। सायबर सेल ने जीरो पर प्रकरण दर्ज कर डायरी हबीबगंज थाने भेज दी है। पुलिस के मुताबिक बीडीए कॉलोनी शिवाजी नगर निवासी सुनीता गर्ग पत्नी संदीप गर्ग (58) सरकारी कर्मचारी हैं। अपना ड्रायविंग लाइसेंस रिन्यू करने के लिए उन्होंने विगत 14 फरवरी को कस्टम केयर से पूछताछ की। उन्हें बताया गया कि अव्वल एप डाउनलोड करके आप आसानी से अपना ड्रायविंग लाइसेंस रिन्यू कर सकती हैं। लिहाजा फरियादिया ने अपने मोबाइल में अव्वल एप डाउनलोड कर लिया। एप डाउनलोड करते ही उनके खाते से रकम निकलने के मैसेज आने लगे। अलग-अलग बार में उनके खाते से एक लाख 56 हजार 756 रुपए अन्य खातों में ट्रांसफर हो गए। ठगी का अहसास होते ही उन्होंने घटना की सूचना सायबर सेल को दी थी। हबीबगंज पुलिस ने असल पर प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। आरोपी जालसाज के बैंक खातों के आधार पर खोजबीन की जा रही है।

# चौदह साल की नाबालिग से सत्रह साल के किशोर ने किया दुष्कर्म

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

कोलार थाना क्षेत्र में चौदह साल की बच्ची से सतरह साल के किशोर द्वारा दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर बाल अपचारी खिलाफ बलात्कार, बंधक बनाने, दैहिक शोषण और पास्को एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। बालअपचारी को किशोर न्यायालय में पेश किया जाएगा। पुलिस के अनुसार 14 साल की बच्ची इलाके में रहती हैं और स्कूली छात्रा हैं। उसके पड़ोस में 17 साल का किशोर रहता है और वह भी स्कूल में पड़ता है। पड़ोसी होने के कारण छात्रा और किशोर में दोस्ती थी। दोस्ती का गलत फायदा उठाकर किशोर ने उसे अपने घर बुलाया था और वहां बंधक बनाकर उससे



दुष्कर्म किया। पीड़िता ने उसका विरोध किया तो उसने जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद आरोपी बदनाम करने की धमकी देकर उसका दैहिक शोषण करने लगा। पीड़िता ने घटना की जानकारी परिजन को दी। परिजन उसे लेकर थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर बालअपचारी को गिरफ्तार कर लिया है।

**मेट्रो एंकर** | बालाघाट जिले के कोठियाटोला के जंगल में हुई मुठभेड़

# हॉकफोर्स ने 14 लाख रुपए के इनामी नक्सली को मुठभेड़ में किया ढेर

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** हॉकफोर्स ने बालाघाट जिले के कोठियाटोला के जंगल में सोमवार को एक हार्डकोर नक्सली सोहन उर्फ उकास उर्फ आयतु को मुठभेड़ में ढेर कर दिया है। मुठभेड़ में मारा गया नक्सली तीस साल का सोहन आईइडी (विस्फोटक) बनाने में एक्सपर्ट था। वह छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले का है। यह मध्यप्रदेश, छत्तीसगड़ और महाराष्ट्र में नक्सली गतिविधियों में संलिप्त था, जिस पर 14 लाख रुपए का इनाम घोषित था। उकास केबी डिवीजन का एसीएम था। उसके पास से 315 बोर की रायफल तथा केनवुड वायरलेस सेट बरामद किया गया है।



हॉकफोर्स को सूचना मिली थी की बालाघाट के हट्टा थाना क्षेत्र के गोदरी पुलिस चौकी के ग्राम कोठियाटोला जंगल क्षेत्र में जीआरबी तथा केबी डिवीजन के नक्सलियों की गतिविधि है व वह सादे कपड़ों में राशन और दैनिक उपयोग की सामग्री एकत्र करने के लिए कोठियाटोला गांव पहुंच रहे हैं। सूचना के बाद हरकत में आई हॉकफोर्स ने जंगल में सघन सर्च अभियान शुरू किया। हॉकफोर्स ने कोठियाटोला गांव में सादे कपड़ों में जा रहे 10-12 नक्सलियों को पूछताछ के लिए आवाज लगाई। इस दौरान संदिग्ध नक्सलियों द्वारा हॉकफोर्स पर अंधाधुंध फायरिंग की गई। आत्मरक्षा करते हुए हॉकफोर्स के जवानों ने जवाबी फायरिंग की। इस दौरान नक्सली घने जंगल और पहाड़ की आड़ लेकर भाग गए। सर्चिंग के दौरान एक नक्सली का शव बरामद हुआ। जिसकी शिनाख्त केबी डिवीजन के खूंखार एसीएम सोहन उर्फ उकास उर्फ आयतु के रूप में की गई। इस बात की पूर्ण संभावना है कि मुठभेड़ में कुछ अन्य नक्सली घायल हुए हैं, जिनकी तलाश की जा रही है।






स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया** **संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022